




सांध्य दैनिक

# श्रीकंचनपथ

लीपा पोती नहीं सिर्फ सच

RNI. Reg. No. CHHHIN/2009/30534
डाक पंजीयन क्रं.-छ.ग./ दुर्ग /94/2023-25



**आवश्यकता है**

ऑफिस के लिए चाय-नाश्ता, खाना बनाने एवं ऑफिस कार्य हेतु प्यून की आवश्यकता है।

वेतन चार अंकों में ....

पता : शॉप नंबर 12, रेलवे क्रासिंग के पास, आकाशगंगा, सुपेला, भिलाई
संपर्क : 9827806026, 7869620239



वर्ष- 15 अंक - 62 | www.shreekanchanpath.com | संस्थापक एवं प्रेरणास्रोत- स्व. श्रीमती रजनी अग्रवाल | भिलाई, शुक्रवार 15 दिसंबर 2023 | पृष्ठ 8- मूल्य 1/-


## खास-खबर



### रेल मंत्री अश्वनी वैष्णव से सांसद संतोष पांडेय ने की मुलाकात, डोंगरगढ़-कटघोरा रेल लाइन को लेकर हुई चर्चा

**राजनांदगांव।** राजनांदगांव लोकसभा क्षेत्र से सांसद संतोष पांडेय ने गुरुवार को दिल्ली में केंद्रीय रेल मंत्री अश्वनी वैष्णव से मुलाकात की। उन्होंने मंत्री से डोंगरगढ़-कटघोरा रेल लाइन को लेकर चर्चा कर शीघ्र निर्माण कार्य प्रारंभ कराने का आग्रह किया। जिस पर रेल मंत्री ने तुरंत कार्रवाई का आश्वासन दिया।

सांसद संतोष पांडेय ने बताया कि पूर्व में केंद्र सरकार द्वारा डोंगरगढ़-कटघोरा रेल लाइन निर्माण की स्वीकृति दी गई थी। यह केंद्र सरकार व राज्य सरकार का संयुक्त उपक्रम है। पूर्ववर्ती भाजपा सरकार के समय इसका शिलान्यास भी किया गया था। रेलवे लाइन के विकास के लिए भू-अधिग्रहण, राज्यांश हेतु स्थानीय प्रदेश सरकार की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। गत पांच वर्ष से प्रदेश में कांग्रेस की सरकार थी, जो उक्त मामले पर उदासीन बनी रही। कांग्रेस सरकार की उदासीनता के चलते निर्माण कार्य प्रारंभ नहीं हो पाया। जबकि केंद्र सरकार ने अपनी सभी प्रक्रिया पूरी कर दी थी।

सांसद संतोष पांडेय ने बताया कि रेल मंत्रालय से सर्वे व प्रारंभिक कार्य के लिए प्राप्त 500 करोड़ रुपये में से एक पैसा भी तत्कालीन राज्य सरकार ने खर्च नहीं किया। उदासीनता और कर्तव्यहीनता का उदाहरण देखिए कि तत्कालीन कांग्रेस सरकार ने प्रगति के पथ पर रोड़े अटकने में कोई भी कमी नहीं की। समस्त बिंदुओं से अवगत कराने पर रेल मंत्री ने आश्वस्त किया कि राजनांदगांव संसदीय क्षेत्र की उन्नति व विकास हेतु किसी प्रकार की कोई भी कमी नहीं होने दी जाएगी।

इसी प्रकार सांसद पांडेय ने बिलासपुर से जोधपुर तक चलने वाली ट्रेन भगत की कोठी (18243-44) व बिलासपुर से नागपुर के मध्य चलने वाली वंदे भारत ट्रेन (20825-26) का डोंगरगढ़ में ठहराव, पूरी-गांधीधाम (22973-74) व पूरी-अजमेर (18421-22) का राजनांदगांव में ठहराव के लिए मांग पत्र सौपा। जिस पर मंत्री ने परीक्षण कर ठहराव की आवश्यक व्यवस्था करने आश्वासन दिया है।

# कैबिनेट गठन के लिए आज दिल्ली जाएंगे साय, शनिवार को संभव है शपथ ग्रहण

श्रीकंचनपथ न्यूज़ डेस्क


**भिलाई।** छत्तीसगढ़ में सीएम और डिप्टी सीएम की शपथ के बाद अब केबिनेट गठित करने की प्रक्रिया तेज़ हो गई है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय आज ही दिल्ली के लिए रवाना हुए। वे केबिनेट गठन को लेकर आलाकमान से चर्चा करेंगे। कहा जा रहा है कि कल 16 दिसम्बर को शाम 4 बजे से खरमास प्रारम्भ हो रहा है। इससे पहले ही नए मंत्रियों को शपथ दिलाने की कोशिशें की जा रही है। मान्यता है कि खरमास के पूरे 30 दिनों तक कोई भी शुभ काम नहीं किया जाता। फिलहाल राज्यपाल बिस्वभूषण हरिचंदन भी दिल्ली में हैं। उनके भी कल ही लौटकर आने की सूचना है। ऐसे में शनिवार को दोपहर तक नए मंत्री शपथ ले सकते हैं।

गौरतलब है कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के शपथ ग्रहण समारोह में उप मुख्यमंत्रियों सहित 10 मंत्रियों के भी शपथ लेने की तैयारी की गई थी, लेकिन अंत समय में मंत्रियों के शपथ का कार्यक्रम रोक दिया गया। सूत्रों का कहना है कि छत्तीसगढ़ में मंत्रिमंडल की जो सूची बनाई गई थी, उसे दिल्ली से स्वीकृति नहीं मिली। इसके बाद एक नई सूची तैयार की गई है। इस सूची के नामों को आलाकमान से मंजूरी मिलने की खबर है। फिलहाल ये नाम लिफाफे में बंद हो चुके हैं। चर्चा है कि 16 दिसंबर तक मंत्रियों का शपथ ग्रहण कार्यक्रम आयोजित हो सकता है। सीएम के शपथ ग्रहण के लिए आयोजन स्थल साइंस कालेज में तीन अलग-अलग मंच बनाए गए थे। एक मंच में सांस्कृतिक कार्यक्रम तथा दो मंचों पर वीवीआइपी की व्यवस्था थी। इन्हीं वीवीआइपी मंचों पर मंत्रियों को बिठाया जाना था। सूत्रों का कहना है कि राज्य सरकार ने प्रोटोकाल के तहत सभास्थल पर मंत्रियों के लिए गाड़ियां भी खड़ी करवा दी थी।

पार्टी सूत्रों के मुताबिक, मंत्रिमंडल के लिए नई सूची बनाने के बाद उसे आलाकमान की मंजूरी भी मिल गई है। सीएम और डिप्टी सीएम की तर्ज पर केबिनेट मंत्रियों के नाम भी लिफाफे में कैद है। हालांकि सीएम विष्णुदेव साय के दिल्ली दौरे के साथ ही कयासों का दौर भी शुरू हो गया है। मंत्रियों के नामों को लेकर लगातार अटकलें लगाई जा रही है। कहा जा रहा है कि सभी पांचों संभागों को मंत्रिमंडल में पर्याप्त महत्व दिए जाने की तैयारी है। जिन नामों की सर्वाधिक चर्चा है, उनमें - बृजमोहन अग्रवाल, रेणुका सिंह (या लता उसेंडी), अजय चंद्राकर, केदार कश्यप, विक्रम उसेंडी, ओपी चौधरी, राजेश मूणत, अमर अग्रवाल, रामविचार नेताम, धरमलाल कौशिक, दयालदास बघेल (या डोमन लाल कोर्सेवाडा) के नाम शामिल है। हालांकि पार्टी आलाकमान और प्रादेशिक नेतृत्व ने भी यह संकेत दिया है कि इस बार नए और पुराने दोनों तरह के विधायक मंत्री बनेंगे। ऐसे में प्रचलित और चर्चित नामों में कटौती भी हो सकती है।



### दिल्ली से कल लौटेंगे राज्यपाल



इधर, शपथ ग्रहण कार्यक्रम के बाद राज्यपाल बिस्वभूषण हरिचंदन दिल्ली चले गए थे। वे कल यानी शनिवार को राजधानी रायपुर लौट रहे हैं। इसके बाद ही शपथ ग्रहण समारोह होगा। हालांकि अभी तक यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि शपथ ग्रहण कहां होगा। मुख्यमंत्री व दोनों उपमुख्यमंत्रियों ने साइंस कालेज मैदान में एक भव्य समारोह में शपथ ली थी। राजभवन सचिवालय के अनुसार, राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंद बुधवार की रात दिल्ली रवाना हुए थे। दिल्ली से कल 16 दिसंबर को सुबह लगभग 11 बजे राजधानी रायपुर लौट सकते हैं। इधर खरमास को देखते हुए 16 दिसंबर को दोपहर 12 बजे शपथ ग्रहण समारोह हो सकता है।

### ...इस गणित से धरे रह जाएंगे सारे कयास

2018 में कांग्रेस की भूपेश बघेल सरकार ने 4, 3, 3, 2, 1 का फार्मूला तैयार किया था। इस फार्मूले के तहत भूपेश बघेल मंत्रिमंडल में सबसे ज्यादा एसटी वर्ग के 4 मंत्री बनाए गए। 3 ओबीसी और 3 जनरल वर्ग के नेताओं को शामिल किया गया। इसके साथ ही एससी वर्ग से 2 और अल्पसंख्यक वर्ग से 1 नेता को मंत्रिमंडल में जगह मिली। ठीक इसी तर्ज पर भाजपा भी आदिवासी और ओबीसी वर्ग के नेताओं को ज्यादा तवज्जो दे सकती है। यदि ऐसा होता है कि वर्तमान में चल रहे प्रचलित नामों में बुरी तरह से हेरफेर होगा। क्योंकि मुख्यमंत्री और 2 उपमुख्यमंत्री मिलाकर केबिनेट में तीन की संख्या हो चुकी है, इसलिए अब मामला 10 चेहरों पर टिका है। सीएम आदिवासी, दोनों डिप्टी सीएम ओबीसी व सामान्य वर्ग से हैं। ऐसे में बस्तर क्षेत्र से पूर्व मंत्री लता उसेंडी, केदार कश्यप, विक्रम उसेंडी जैसे नेता मंत्रिमंडल की लाइन में हैं। दुर्ग संभाग से पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह को स्पीकर बनाए जाने की चर्चा है। कवर्धा से विजय शर्मा को डिप्टी सीएम बनाया जा चुका है, लेकिन चौंकाने वाली खबर आ रही है कि साजा क्षेत्र से कांग्रेस के कद्दावर नेता रविन्द्र चौबे को हराने वाले ईश्वर साहू को केबिनेट में जगह मिल सकती है। रायपुर संभाग में सतनामी समाज से 2 नेताओं को मंत्री बनाया जा सकता है।

इसमें सबसे आगे गुरु खुशवंत साहेब का नाम है। क्योंकि वे चुनाव से ठीक पहले कांग्रेस पार्टी छोड़कर भाजपा में आए है। राज्य में 13 प्रतिशत एससी जनसंख्या है. इसलिए पार्टी सतनामी समाज के धर्मगुरु को नाराज नहीं करना चाहेगी। इसके बाद महिला आरक्षण बिल को तवज्जो देते हुए भाजपा 2 महिलाओं को भी कैबिनेट में जगह दे सकती है। इसमें तीन नाम सबसे ज्यादा चर्चा में है- लता उसेंडी, रेणुका सिंह और गोमती साय। वहीं ओबीसी वर्ग की बात करें तो बिलासपुर संभाग से अरुण साव को डिप्टी सीएम बनाया गया है। लेकिन ओबीसी वर्ग के कई बड़े नेता बिलासपुर में मौजूद है। ओबीसी समाज से पुराने चेहरों को दरकिनार किया जाता है. तो रायगढ़ से ओपी चौधरी का नाम संभावित कैबिनेट में हो सकता है। इसके अलावा ओबीसी में कुर्मी समाज से किसी विधायक को पार्टी मंत्री बना सकती है। अगर भाजपा, रमन कैबिनेट के मंत्रियों को नई सरकार में जगह नहीं देती है. तो बृजमोहन अग्रवाल,राजेश मूणत,अमर अग्रवाल, अजय चंद्राकर और पुन्नू लाल मोहले का पत्ता कट जाएगा। हालांकि पार्टी नए पुराने नेताओं का संतुलन बैठा कर कैबिनेट का गठन कर सकती है.। इस लिहाज से एक-दो पुराने नेताओं को भी कैबिनेट में शामिल किया जा सकता है।

## एथेनॉल प्लांट का निर्माण बंद, भाजपा नेता और ग्रामीणों ने किया विरोध; कांग्रेस सरकार में हुई थी शुरुआत

श्रीकंचनपथ न्यूज

**बेमेतरा।** बेमेतरा जिले के ग्राम पथर्रा में एथेनॉल प्लांट का निर्माण कार्य चल रहा है। यह निर्माण कार्य कांग्रेस सरकार के दौरान शुरू किया गया था। इस प्लांट को लेकर क्षेत्र के ग्रामीण व भाजपा ने विरोध किया था। अब प्रदेश में कांग्रेस सरकार चली गई है। ऐसे में भाजपा नेताओं व ग्रामीणों प्लांट के निर्माण को लेकर गुरुवार को विरोध दर्ज कराया है। गुरुवार को यहां हो रहे निर्माण कार्य को बंद करा दिया गया। मौके पर तहसीलदार भी पहुंचे हुए थे। उन्होंने ग्रामीणों को समझाइश दी। इस प्लांट निर्माण को लेकर ग्रामीणों का कहना है कि यह क्षेत्र कृषि प्रधान है। यहां के 95 प्रतिशत लोग सीधे तौर पर कृषि से जुड़े हुए हैं। प्लांट लगने के बाद प्रदूषण होगा, इससे कृषि कार्य प्रभावित होगा। पूर्व में भी इस प्लांट को लेकर विरोध किया गया था, तब कांग्रेस सत्ता थी, इस कारण प्लांट के निर्माण पर रोक नही लगाई गई थी। अब सत्ता परिवर्तन के बाद उम्मीद है कि प्लांट के निर्माण में रोक लगेगी।

## धोनी के सम्मान में BCCI का बड़ा कदम, 10 के बाद अब 7 नंबर की जर्सी को किया रिटायर

**मुंबई (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (BCCI) ने पूर्व भारतीय कप्तान एमएस धोनी के सम्मान में सात (7) नंबर की जर्सी को रिटायर कर दिया है। मीडिया रिपोट्‌र्स के मुताबिक, बीसीसीआई ने यह कदम धोनी के महान कार्यों को देखकर लिया है। भारत ने इस अनुभवी खिलाड़ी और शानदार कप्तान के मार्गदर्शन में तीन आईसीसी खिताब जीते थे। जब तक धोनी खेलते थे, तब तीन ही आईसीसी टूर्नामेंट हुआ करते थे और धोनी तीनों ट्रॉफी जीतने वाले दुनिया के पहले कप्तान थे।

यह भारतीय क्रिकेट में रिटायर होने वाली दूसरी जर्सी नंबर है, क्योंकि इससे पहले बीसीसीआई ने महान सचिन तेंदुलकर की 10 नंबर की जर्सी के बारे में भी यही फैसला किया था और उसे रिटायर कर दिया था। इंडियन एक्सप्रेस की एक रिपोर्ट के मुताबिक, बीसीसीआई ने सभी खिलाड़ियों को सूचित कर दिया है कि नंबर 7 और 10 की जर्सी अब उपलब्ध नहीं हैं।

# गैस ऐजेंसी में लंबी लाइन से छुटकारा, घर बैठे ऐसे करें ऑनलाइन केवाईसी

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** विधानसभा चुनाव के पहले भारतीय जनता पार्टी ने अपने घोषणा पत्र में एलपीजी के दाम घटाने का वादा किया था। छत्तीसगढ़ में लोगों को 500 रुपए में एलपीजी सिलेंडर देने की घोषणा की गई। अब छत्तीसगढ़ में भाजपा की सरकार बन गई है और 500 रुपए में सिलेंडर पाने के लिए लोगों के बीच ई-केवाईसी की होड़ लग गई है। सरकार ने 500 रुपए में सिलेंडर पाने के लिए ऐजेंसी में जाकर ई-केवाईसी अनिवार्य कर दिया है। इसके लिए गैस एजेंसियों में लंबी लाइने लग रही है। यहां हम आपकों को बता रहे हैं कि बिना एजेंसी गए भी आप घर बैठे अपना केवाईसी अपडेट कर सकते हैं।

गैस सिलेंडर उपभोक्ताओं के लिए आधार प्रमाणीकरण (ई-केवाईसी) अनिवार्य है। दरअसल केवाईसी इसलिए भी जरूरी ताकि वास्तिविक उपभोक्ताओं का पता चल सके। सरकार ने बड़ी संख्या में उज्वला के कनेक्शन बांटे हैं जिनमें से कई कनेक्शन ऐसे भी हैं जो रिफिलिंग नहीं करा रहे हैं। यही सामान्य कनेक्शन भी ऐसे हैं जो साल साल भर से रिफीलिंग नहीं हुए हैं। सरकार ने स्पष्ट किया है कि आधार प्रमाणीकरण नहीं कराने पर आगामी समय में गैस कनेक्शन को अवैध घोषित किया जा सकता है। गैस उपभोक्ताओं को संबंधित एजेंसी पर जाकर आधार प्रमाणीकरण कराना होगा। वास्तविक उपभोक्ताओं को सब्सिडी देने के लिए सरकार ने तेल कंपनियों से उपभोक्ताओं की ई-केवाईसी कराने को कहा है। इसकी अंतिम तिथि 31 दिसम्बर तय की है।




### कंपनियों ने लॉन्च किया है ऐप

पेट्रोलियम कंपनियों ने इसके लिए मोबाइल ऐप लॉन्च किया है। भारत पेट्रोलियम द्वारा अपने उपभोक्ताओं के लिए हेलो बीपीसीएल के नाम से ऐप लॉन्च किया है। इसी प्रकार इंडियन ऑयल कार्पोरेशन ने भी अपना ऐप लॉन्च कर दिया। गूगल प्ले पर हेलो बीपीसीएल को आसानी से डाउनलोड किया जा सकता है। ऐप डाउनलोड करने के बाद 6 स्टेप में आप अपना ई केवाईसी कंपलीट कर सकते हैं।

### आसानी से कर सकते हैं ई-केवाईसी

भारत गैस एजेंसी के डिस्ट्रीब्यूटर प्रगति गैस एजेंसी के संचालक संजय शर्मा ने बताया कि ई-केवाईसी के लिए गैस एजेंसी के पहुंचकर लंबी लाइन लगने की आवश्यकता नहीं है। हैलो बीपीसीएल ऐप के जरिए घर बैठे आसानी से ई-केवाईसी की जा सकती है। इसके लिए ऐप डाउनलोड कर इंस्ट्रक्शन फॉलो करना होगा। इससे लोगों का समय भी बचेगा और एजेंसी में लंबी लाइन से भी छुटकारा मिलेगा।

### इस प्रकार करें ई-केवाईसी

- यदि आप भारत गैस के उपभोक्ता हैं तों सबसे पहले गूगल प्ले स्टोर से हेलो बीपीसीएल ऐप डाउनलोड करें।
- इसके बाद ऐप ओपन करें और प्रोग्राम पर जाएं। यहां गैस बुकिंग के लिए पेमेंट पर क्लिक करें।
- पेमेंट पर क्लिक करते हुए जो पेज सामने होगा उसमें एक ऑप्शन कंप्लीट केवाईसी का दिया होगा।
- कंप्लीट केवाईसी पर क्लिक करते ही आपको रजिस्टर्ड मोबइल नंबर दर्ज करना होगा।
- रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर पर एक ओटीपी आएगी जिसे वेरीफाई करें।
- ओटीपी वेरीफाई होने के बाद आधार वेरीफिकेशन के लिए uidai एप डाउनलोड करें और फेस आईडी कन्फर्म करानी होगी।
- जैसे ही फेस आईडी कन्फर्म होगी आपकी ई-केवाईसी पूरी हो जाएगी।

## बड़ा दिन से शुरू होंगे छत्तीसगढ़ में बड़े काम

श्रीकंचनपथ




25 दिसम्बर को बड़ा दिन भी कहा जाता है। मान्यता है कि इस दिन से दिन बड़े होने लगते हैं जो गर्मियों तक लगातार बढ़ते जाते हैं। खगोलशास्त्र के मुताबिक 22 दिसम्बर की रात सबसे छोटी रात होती है और इसके दो दिन बाद दिन बड़े होने लगते हैं। पर 25 दिसम्बर की तिथि को ही बड़ा दिन क्यों कहा गया, इसके पीछे संभवत: ब्रिटिशकालीन परम्पराएं हैं। 25 दिसम्बर को ईसा मसीह का जन्मदिन मनाया जाता है। ब्रिटिश उपनिवेश के सभी देशों में इस दिन सार्वजनिक अवकाश रखा जाता था और बड़ा दिन मनाया जाता था। बहरहाल, वजह चाहे जो भी हो, बड़ा दिन इस बार छत्तीसगढ़ के लिए वाकई बड़ा दिन होने वाला है। 25 दिसम्बर भारत के पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी जी का जन्मदिन भी है। वे एक निर्विवाद नेता थे जिनसे पक्ष-विपक्ष के लोग समान रूप से प्यार करते थे और सम्मान करते थे। अटलजी के जन्मदिन को साल 2014 से सुशासन दिवस के रूप में मनाया जाता है। सुशासन एक व्यापक अवधारणा है जिसमें कानून का राज स्थापित करने, सत्ता में जनता की भागीदारी बढ़ाने, उसे समावेशी बनाने, और सरकार का उत्तरदायित्व, पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करने के प्रयास शामिल होते हैं। छत्तीसगढ़ की नई विष्णुदेव साय सरकार ने इस दिन को जनता के लिए वाकई बड़ा दिन बनाने के लिए कमर कस ली है। सरकार इसी दिन से गरीबों के लिए आवास योजना पर काम शुरू करने जा रही है। चुनाव के दौरान यह एक बड़ा मुद्दा रहा है। अब जबकि राज्य में डबल इंजन की सरकार है तो इस योजना के परवान चढ़ने में कोई अड़चन नहीं आनी चाहिए। छत्तीसगढ़ में 18 लाख से अधिक ऐसे गरीब परिवारों को पहले ही चिन्हित किया जा चुका है जिनके पास अपना घर नहीं है। इन सभी को प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत अब आवास मिलने लगेंगे। इसके साथ ही किसानों के लिए यह दिन वाकई बड़ा होने जा रहा है। उन्हें धान के बोनस की पुरानी बकाया राशि भी इसी दिन मिल जाएगी। दो साल का बकाया बोनस हाथ में आने का न केवल किसानों को बल्कि बाजार को भी बेसब्री से इंतजार है। पर इन दोनों फौरी घोषणाओं से भी कहीं बड़ी है सुशासन की प्रतिबद्धता जिसकी घोषणा सीएम साय ने की है। मंत्रालय में अफसरों को संबोधित करते हुए सीएम ने कहा कि नेता और अफसर शासन की गाड़ी के दो पहिये हैं। दोनों को मिलकर काम करना होगा। साय ने एक लंबी राजनीतिक पारी खेली है। छत्तीसगढ़ के बनने से लेकर अब तक की विकास यात्रा के वे करीबी साक्षी हैं। उन्हें खूब पता है कि सरकार की योजनाओं को सफल बनाने या फिर उन्हें पलीता लगाने में अफसरशाही की बड़ी भूमिका होती है। अपनी इस एक घोषणा से सीएम ने उन्हें भयमुक्त कर अपना श्रेष्ठ प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित कर दिया है जिसके अच्छे नतीजे आएंगे।




## संपादकीय

### सदन में अप्रिय

संसद की सुरक्षा में सेंध की तरह ही दुखद है, इस मसले पर दोनों सदनों में हंगामा और निलंबन। लोकसभा में तो इतना हंगामा हुआ कि 14 विपक्षी सांसदों को निलंबित कर दिया गया! लोकसभा में निलंबित होने वाले सांसदों में कांग्रेस के नौ, माकपा और द्रमुक के दो-दो और भाकपा के एक सांसद शामिल हैं। राज्यसभा से तृणमूल कांग्रेस के सांसद डेरेक ओ ब्रायन को निलंबित किया गया है। यह बात स्पष्ट है कि बुधवार को लोकसभा की सुरक्षा में लगी सेंध के बाद से विपक्ष गुस्से में है और उसे सरकार को घेरने का मौका मिल गया है। विपक्ष इस पूरे मामले पर केंद्रीय गृह मंत्री से बयान की मांग कर रहा है और साथ ही, भाजपा के उस सांसद को भी निलंबित करने की मांग हो रही है, जिसकी अनुशंसा पर आरोपियों को लोकसभा की दर्शक दीर्घा में प्रवेश मिला था। विपक्ष की मांग पर सरकार अवश्य विचार कर रही होगी, लेकिन विपक्षी सांसदों को सरकार से जवाब मांगते हुए संयम का यथोचित परिचय देना चाहिए। हालांकि, उनकी आक्रामकता चुनाव के मद्देनजर कतई आश्चर्य में नहीं डालती है। संसद की सुरक्षा में सेंध एक संवेदनशील मामला है और गनीमत है, संसद या सांसदों को किसी तरह का नुकसान नहीं पहुंचा है। संसद के करीब आठ कर्मचारियों को लापरवाही बरतने के चलते निलंबित किया गया है और सरकार निश्चित रूप से अब ऐसे उपाय करने में जुटी होगी, ताकि ऐसी नौबत फिर न आए। विपक्षी सांसद भी अपनी सुरक्षा को लेकर चिंतित हैं और वे भी पूरी सच्चाई जानना चाहेंगे। संसद में सरकार से जवाब मांगने की एक परंपरा रही है और देर-सबेर सरकार इस पर जवाब देती भी है। अभी जांच एजेंसियां हर मुमकिन तथ्यों का पता लगा रही हैं। बीच सदन में कूदने वालों का पूरा सच सरकार को जानना ही होगा। क्या केवल बेरोजगारी और मणिपुर, दो ऐसे मसले हैं, जिनकी वजह से दोषियों ने ऐसा दुस्साहस दिखाया है? चिंता तो इसलिए भी होती है कि इस हिमाकत के लिए 13 दिसंबर का दिन ही क्यों चुना गया? बेशक, यह सरकार के सुरक्षा प्रबंधों को चुनौती देने का मामला है और इस दुस्साहस की चर्चा दुनिया में जगह-जगह हो रही होगी। इस विषय पर भारतीय संसद को पूरी संवेदनशीलता और जिम्मेदारी का परिचय देना चाहिए।

> “ निलंबन की कार्रवाई विरल ही होनी चाहिए। भारतीय लोकतंत्र को अपनी परिपक्वता का प्रमाण पेश करना चाहिए। ऐसा नहीं है कि सरकार की ओर से जवाब नहीं दिया जा रहा है, मगर एक मंत्री विशेष से जवाब मांगना और जवाब न मिलने पर आसन की अवहेलना करना कहां तक उचित है?

बहरहाल, निलंबन की कार्रवाई विरल ही होनी चाहिए। भारतीय लोकतंत्र को अपनी परिपक्वता का प्रमाण पेश करना चाहिए। ऐसा नहीं है कि सरकार की ओर से जवाब नहीं दिया जा रहा है, मगर एक मंत्री विशेष से जवाब मांगना और जवाब न मिलने पर आसन की अवहेलना करना कहां तक उचित है? क्या मंत्रिस्तरीय जवाब के लिए कुछ समय देना ज्यादा ठीक नहीं रहता? खैर, सदन में व्यवहार सांसदों के विवेक पर निर्भर करता है। अब इस लोकसभा का कार्यकाल छह महीने भी नहीं बचा है, सर्दियों के उतरते ही सभी सांसद चुनावी क्षेत्र में चले जाएंगे, अतः हंगामा और उस पर जवाबी कार्रवाई को टालना आसान नहीं है। पूरे प्रकरण में सांसदों को सर्वाधिक सचेत रहने की जरूरत है। बिना परिचय किसी को दर्शक दीर्घा के पास देना भारी पड़ा है। यह निंदनीय है कि किसी सांसद का लॉग इन पासवर्ड बंट जाता है, तो किसी सांसद के नाम पर कोई अन्य इतना अहम पास जारी कर देता है। अगर ऐसी गलतियां भी दंडनीय नहीं हैं, और हंगामा-निलंबन ही समाधान बन गया है, तो नए सिरे से सोचना चाहिए कि सांसद अपने आस-पास सुरक्षा, सम्मान व विश्वास का पुख्ता घेरा कैसे बनाएंगे?

## किसानों की कीमत पर

छह महीनों के अंदर आम चुनाव होने हैं और ऐसे में केंद्र सरकार का अनाज की महंगाई को लेकर चिंतित होना स्वाभाविक है। इसलिए वह ऐसे हर कदम उठा रही है, जिससे आम उपभोक्ताओं- खास कर मध्य वर्ग- को अनाज की कीमतें ज्यादा ना चुभें। इनमें सबसे ताजा कदम प्याज के निर्यात पर रोक है। इसके पहले ना सिर्फ गेहूं के निर्यात पर रोक लगाई गई, बल्कि खबर है कि सरकार रूस से गेहूं का आयात भी करने वाली है। इसके अलावा सरकार ने गेहूं को भंडार में रख सकने की सीमा घटाकर आधी कर दी है, जिससे व्यापारी अधिक मात्रा में गेहूं बाजार में उपलब्ध कराने को मजबूर हो गए हैं। उधर चीनी महंगी ना हो, इसके लिए चीनी मिलों को निर्देश दिया गया है कि वे इथोनॉल बनाने में गन्ने के रस का इस्तेमाल ना करेँ। सरकार के कान संभवतः इन खबरों से खड़े हुए कि बाजार में कुछ दालों, प्याज, टमाटर आदि के दाम हाल में तेजी से बढ़े हैं। तो उसने खाद्य महंगाई पर नियंत्रण पर अपना ध्यान केंद्रित किया है। मगर इन कदमों का खराब असर किसानों पर होगा।

महाराष्ट्र में जिस बड़ी संख्या में प्याज किसान विरोध जताने के लिए सड़कों पर उतरे हैं, वह प्याज निर्यात रोकने के फैसले से उनमें पैदा हुए असंतोष की मिसाल है। किसानों की मुसीबत यह है कि पैदावार संबंधी तमाम जोखिम उन्हें खुद उठाने पड़ते हैं। लेकिन जब बाजार से उन्हें ज्यादा कीमत मिलने की संभावना होती है, तब सरकार के कदम उन लाभों से उन्हें वंचित कर देते हैं। इस तरह उनकी और प्रकारांतर में ग्रामीण क्षेत्र की आमदनी बढ़ने की संभावना कमजोर हो जाती है। नरेंद्र मोदी सरकार ने सत्ता में आने के बाद से मुद्रास्फीति लक्ष्य इस तरह से तय किए हैं, जिसका किसानों और ग्रामीण आमदनी पर प्रतिकूल असर पड़ा है। देश में आम जन के उपभोग में आई गिरावट का यह भी एक कारण है। यह दीगर बात है कि यह जटिल प्रश्न राजनीतिक मुद्दा नहीं बन पाता है। इसलिए केंद्र इस तरह के कदम बेधड़क उठा लेता है। आम चुनाव से पहले फिर उसने वही नजरिया अपनाया है।

## भाजपा के प्रयोगों से क्या कांग्रेस सबक लेगी?

भारतीय जनता पार्टी ने तीन राज्यों में बिल्कुल नए चेहरों को मुख्यमंत्री बना दिया। मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और राजस्थान के तीनों नए मुख्यमंत्रियों की उम्र 60 साल से कम है। इस तरह भाजपा के केंद्रीय नेतृत्व ने सिर्फ पुराने नेताओं को किनारे करके किसी के चुनौती के तौर पर उभरने की संभावना को खत्म कर दिया तो नई लीडरशिप भी तैयार कर दी। इससे पार्टी का कार्यकर्ताओं और दूसरी, तीसरी कतार के नेताओं को यह मैसेज गया है कि किसी समय उनकी भी लॉटरी खुल सकती है। तभी यह सवाल उठ रहा है कि क्या कांग्रेस इससे कोई सबक लेगी? क्या कांग्रेस पार्टी के पुराने नेताओं को हटा कर उनकी जगह नया नेता नियुक्त करेगी? यह भी कहा जा रहा है कि अगर कांग्रेस ने विधानसभा चुनाव से पहले नए नेताओं को आगे किया होता तो शायद चुनाव नतीजे अलग होते क्योंकि कांग्रेस ने जिन नेताओं को कमान सौंपी थी उनके चेहरे देख कर लोग उबे हुए थे। कांग्रेस की मुश्किल यह है कि उसके पास नए नेता बहुत कम बचे हैं। राहुल गांधी ने एक प्रयोग के तौर पर 2009 में जो नए चेहरे आगे किए थे उनमें से ज्यादातर भाजपा के साथ चले गए हैं। जो बचे हैं उनमें से कुछ ही लोग कांग्रेस के साथ सक्रिय हैं। कांग्रेस उनको आगे कर सकती है लेकिन पुराने नेताओं से नेतृत्व छीनना बहुत आसान नहीं होगा। इसका कारण यह है कि कांग्रेस का आलाकमान भाजपा हाईकमान जितना ताकतवर नहीं है। भाजपा में नरेंद्र मोदी और अमित शाह चुनाव जिता रहे हैं तो पार्टी के नेता उनके हर आदेश का पालन करते हैं। तीसरी बात यह है कि भाजपा के पीछे आरएसएस की ताकत है, जिसके बिना भाजपा नेताओं की कोई हैसियत नहीं होती है। यही कारण है कि भाजपा से अलग हुआ कोई नेता सफल नहीं हुआ, जबकि कांग्रेस से अलग होकर सारे बड़े नेता फल-फूल रहे हैं।

> “ पिछले दिनों दुबई में आयोजित कॉप-28 सम्मेलन इस मामले में अलग साबित हुआ है। यह सम्मेलन तब हुआ, जब पूरी दुनिया जलवायु परिवर्तन के खतरों से बुरी तरह उलझी हुई है। अब यह समझा जाने लगा है कि गरीबों पर जलवायु परिवर्तन का कितना बुरा असर पड़ रहा है। साथ ही, यह सच भी बेपरदा हुआ है कि अब तक उठाए गए कदम वंचित देशों की अपेक्षाओं के मुकाबले जरूरी बदलाव के लिहाज से किस हद तक बौने साबित हुए हैं।

# स्वच्छ दुनिया की ओर कुछ कदम

सुनीता नारायण, पर्यावरणविद और महानिदेशक, सीएसई




जलवायु सम्मेलनों का तात्पर्य उन फैसलों से है, जो दुनिया भर की सरकारें वैश्विक हित में लेती रहती हैं। मगर हाल के वर्षों में हमने यही देखा है कि जलवायु-वार्ताएं खुद अपनी सांस बचाने की जद्दोजहद करती रही हैं। बीते कई दशकों से ऐसी बैठकें विकसित और विकासशील देशों के बीच तनाव, टाल-मटोल व गहरे मतभेदों की भेंट चढ़ चुकी हैं। जाहिर है, हमें आगे बढ़ने और कार्बन-उत्सर्जन से निपटने के लिए तत्काल कुछ करने की जरूरत है।

पिछले दिनों दुबई में आयोजित कॉप-28 सम्मेलन इस मामले में अलग साबित हुआ है। यह सम्मेलन तब हुआ, जब पूरी दुनिया जलवायु परिवर्तन के खतरों से बुरी तरह उलझी हुई है। अब यह समझा जाने लगा है कि गरीबों पर जलवायु परिवर्तन का कितना बुरा असर पड़ रहा है। साथ ही, यह सच भी बेपरदा हुआ है कि अब तक उठाए गए कदम वंचित देशों की अपेक्षाओं के मुकाबले जरूरी बदलाव के लिहाज से किस हद तक बौने साबित हुए हैं। जरूरी कार्रवाई तभी संभव है, जब हमारे पास समानता और जलवायु-न्याय के साथ-साथ प्रदूषण-रहित विकास पर फिर से आगे बढ़ने के लिए जरूरी पूंजी हो। सुखद है कि कॉप-28 में पहली बार संकट की व्यापकता और त्वरित कार्रवाई की अनिवार्यता महसूस की गई। वंचित और संपन्न देशों के बीच गहरे विभाजन के बावजूद इस कटु सत्य को न सिर्फ पहचाना गया, बल्कि स्वीकार भी किया गया कि समस्या के समाधान के लिए हमें आपस में सहयोग करना होगा और साथ आना होगा।

आप सोच रहे होंगे कि कॉप-28 पिछली वार्ताओं से कैसे आगे बढ़ा है? यह दो अर्थों में हुआ है- नैरेटिव बदलने के संदर्भ में और विश्वास-निर्माण के संदर्भ में। इसमें संपन्न और वंचित देशों के बीच अविश्वास कम होता हुआ दिखा है। नैरेटिव बदलने की बात कहें, तो गरीब देशों के लिए कम और रियायती दरों पर पूंजी उपलब्ध कराने, जरूरी कार्रवाई करने और विशेषकर जीवाश्म ईंधन के मुद्दे को वार्ता की मेज पर रखने के सवाल पर परिस्थितियों में बदलाव दिखा। यह एक कटु सच है, लेकिन हमें मानना ही होगा कि व्यापक कार्य-योजना के बिना हम जीवाश्म ईंधन को चरणबद्ध तरीके से उपयोग से बाहर करने को लेकर कोई सार्थक बहस नहीं कर सकते।

रही बात संपन्न और वंचित देशों के बीच मतभेद को पाटने की, तो कॉप-28 इसमें भी एक कदम आगे बढ़ता दिखा। यकीन न हो, तो ग्लोबल स्टॉकटेक (जीएसटी) की भाषा पर गौर कीजिए, जिसने मुझे पेरिस समझौते की याद दिला दी, जिसमें कहा गया है- जलवायु न्याय केवल 'कुछ के लिए' महत्वपूर्ण है। 'कुछ के लिए' शब्द अब हटा लिए गए हैं। कहने को यह बेशक बहुत छोटा बदलाव है, लेकिन काफी मायने रखता है, क्योंकि 'कुछ के लिए' का मतलब है कि जलवायु-न्याय का कोई सार्वभौमिक मूल्य नहीं है; और यह ऐसा कोई मुद्दा नहीं है, जिसे सभी को स्वीकार करना चाहिए। जबकि, यह सच नहीं है। परिस से दुबई के बीच इन दो-तीन शब्दों के हटने का हमें सम्मान करना चाहिए।

अब आगे हमें किस दिशा में बढ़ना होगा? बैठक में सभी देशों को यह मानना पड़ा कि हमें अपनी पूंजी अब बढ़ानी होगी, साथ ही समस्या के समाधान में वित्तीय अंतर को भी जीएसटी में स्पष्ट किया गया है। हमने यह भी स्वीकार किया है कि विकासशील देशों पर अतिरिक्त राजकोषीय भार डालकर और उनके लिए कर्ज का अधिक बोझ बढ़ाकर पैसे नहीं जुटाए जा सकते। साफ है, अनुदान देकर और रियायती दरों पर पूंजी जुटाने की सख्त जरूरत है।

इसके बाद सबसे जरूरी है, इसे क्रियान्वित करना। इसके लिए सबसे पहले हमें भेदभाव के बिना जुटाई जाने वाली जलवायु-पूंजी के बारे में बात करनी चाहिए। जलवायु-पूंजी की मात्रा अहम साबित होने जा रही है। इसके बाद, जीवाश्म ईंधन का मुद्दा है। पश्चिमी देश कह सकते है कि यह ठीक नहीं है। वे संभवतः सही भी हैं, लेकिन जो महत्वपूर्ण है, वह यह कि पहली बार हमने जीएसटी के आखिरी दस्तावेज में जीवाश्म ईंधन को जोड़ने में सफलता हासिल की है।

मगर कहां हम चूक गए? मेरी समझ में वह चूक यह है कि जीवाश्म ईंधन के शेष बजट के इस्तेमाल में कैसे निष्पक्षता बरती जाएगी, इसे लेकर दुनिया को किसी नियम में नहीं बांधा गया? इसीलिए चरणबद्ध तरीके से जीवाश्म ईंधन का इस्तेमाल बंद करना ही होगा। हमारे विचार से उपलब्ध संकेतों के आधार पर इसे चरणबद्ध तरीके से खत्म करने की आवश्यकता है, और उपलब्ध संकेत हमें बताते हैं कि '1.5 बजट' (कार्बन डाई-ऑक्साइड के उत्सर्जन की मात्रा का एक अनुमान, जो ग्लोबल वार्मिंग को निश्चित तापमान-सीमा से नीचे रखते हुए उत्सर्जित किया जा सकता है) में जीवाश्म ईंधन का इस्तेमाल निहित है। अब सवाल यह है कि इसका उपयोग करने का अधिकार किसे है? इसे स्पष्ट करना चाहिए था कि जीवाश्म ईंधन को चरणबद्ध तरीके से समाप्त करने की जिम्मेदारी सबसे पहले संपन्न देशों की है, जिन्होंने अपने हिस्से के कोटे से अधिक कार्बन-बजट का इस्तेमाल किया है। ऐसे देशों में गैस का इस्तेमाल बढ़ाया जा सकता है।

यहां कोयले का सवाल भी है। सीएसई एक ऐसा संगठन है, जिसने स्वच्छ कोयले की वकालत की है। हम यह भी मानते हैं कि कोयले के मुकाबले तेल और गैस पर अधिक भरोसा मुख्यतः उन देशों पर आर्थिक बोझ बढ़ाता है, जो अपनी ऊर्जा जरूरतों के लिए इस समय कोयले का इस्तेमाल करते हैं और उनके पास पूंजी की कमी है। हालांकि, इसका यह अर्थ नहीं है कि हमें कोयले का इस्तेमाल चरणबद्ध तरीके से खत्म नहीं करना चाहिए, बल्कि इसको वित्त-पोषण के सवाल से जोड़ना महत्वपूर्ण है। यह स्पष्ट होना चाहिए कि कौन किस ऊर्जा का उपयोग करता है और कहां करता है? इसीलिए अब स्वच्छ दुनिया बनाने के संदर्भ में जीएसटी पर अमल करने का सवाल काफी अहम हो गया है, ताकि दुनिया कम जलवायु-तनाव वाली हो। दुबई से हमें इसी दिशा में आगे बढ़ना चाहिए।

इसके लिए हम चाहें, तो कुछ वक्त बेशक ले लें, लेकिन जरूरी प्रयास अवश्य करें। यह सिर्फ कागजों पर नहीं, बल्कि हकीकत में हो। वास्तव में, चुनौती अब शुरू हुई है। मगर उम्मीद यही है कि दुनिया इस चुनौती का बखूबी सामना करेगी, जो उससे अस्तित्व से जुड़ी हुई है।

**(कॉप-28, दुबई से लौटकर)**

# सेहत के लिए हमें मीठे उत्पादों पर टैक्स लगाना पड़ेगा

अर्पिता मुखर्जी, अर्थशास्त्री और प्रोफेसर

पिछले दिनों भारत की अध्यक्षता में जी20 की एक घोषणा में कहा गया कि संयुक्त राष्ट्र के सतत विकास लक्ष्यों (एसडीजी) के तहत तय लक्ष्यों का सिर्फ 12 प्रतिशत ही पूरा किया गया है। हमारी दुनिया में बेहतर स्वास्थ्य-कल्याण और सुरक्षित पेयजल सुनिश्चित करना, दो महत्वपूर्ण लक्ष्य हैं, जिन पर भारत पिछड़ता लगता है। हमें अपनी आबादी को स्वस्थ रखने में बड़ी चुनौती का सामना करना पड़ रहा है। एक तरफ, कुपोषण, तो दूसरी तरफ, गैर-संचारी रोगों के मामले बढ़ रहे हैं।

मधुमेह पर भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद के एक अध्ययन में पाया गया कि 2021 में भारत में अनुमानित 10.10 करोड़ लोग मधुमेह पीड़ित थे, जबकि अनुमानित 13.60 करोड़ लोग मधुमेह-पूर्व की स्थिति में थे। साल 2019 में मधुमेह रोगियों की संख्या सात करोड़ थी, पर कोविड महामारी के दौरान रोगियों की संख्या में 44 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई। अंतरराष्ट्रीय मधुमेह महासंघ की भारत मधुमेह रिपोर्ट 2000-2045 ने भारत को दुनिया की 'मधुमेह राजधानी' कहा है, यहां दुनिया की 17 प्रतिशत मधुमेह आबादी रहती है। इसमें कहा गया है कि 2045 तक 13.50 करोड़ भारतीय मधुमेह से पीड़ित होंगे। यदि कदम नहीं उठाए गए, तो यह बीमारी शरीर के विभिन्न अंगों पर प्रतिकूल प्रभाव डाल सकती है, जिससे सरकार को भी स्वास्थ्य देखभाल की भारी लागत चुकानी पड़ेगी।

विश्व स्वास्थ्य संगठन ने भी चीनी की खपत घटाने की सिफारिश की है। दैनिक आहार के रूप में मीठे पदार्थों या द्रव्यों के सेवन को कम करने के लिए अनेक देशों ने शर्करा वाली सामग्रियों पर कर लगाने का प्रावधान कर रखा है। शर्करा वाले पदार्थ में कर लगाने से महंगे होंगे, जिससे उनकी खपत कम होगी। खपत कम होगी, तो मधुमेह की शिकायत में भी कमी आएगी। अगर चीनी युक्त पदार्थों पर टैक्स बढ़ेगा, तो कंपनियां भी ऐसे पदार्थ बनाने से बचेंगी। कम चीनी वाले खाद्य उत्पादों को प्रोत्साहन मिलेगा। ब्रिटेन और अन्य जगहों पर कुछ कंपनियों ने कम कर स्लैब में आने के लिए कम चीनी वाले उत्पाद तैयार किए हैं। इससे पता चलता है कि मीठे, पर सेहतमंद खाद्य उत्पादों के विकास पर काम चल रहा है। जिन पदार्थों में शर्करा नहीं है, उनमें न्यूनतम कर लगाया जा रहा है और जिनमें खूब शर्करा है, उन पर ज्यादा टैक्स लगाकर हतोत्साहित किया जा रहा है।



ऐसे कर लगाने के अनेक फायदे हैं। वैश्विक अध्ययन बताते हैं कि ऐसे एसएसबी करों से होने वाले फायदों में कर राजस्व में वृद्धि, बेहतर स्वास्थ्य नतीजे, तेजी से उत्पाद पुनर्निर्माण और बढ़े हुए निर्यात अवसर शामिल हैं।

भारत में जीएसटी एक अग्रणी कर पहल है, पर उसके तहत भी शर्करा के स्तर पर कोई कर नहीं लगाया गया। शून्य चीनी वाले पानी पर 28 प्रतिशत जीएसटी और 12 प्रतिशत उपकर है। सभी कार्बोनेटेड पेय पदार्थों को 40 प्रतिशत कर का सामना करना पड़ता है। बोतलबंद पानी पर 20 लीटर से कम के पैक पर 18 प्रतिशत और बड़े पैक पर 12 प्रतिशत टैक्स लगता है। पानी की तुलना में ज्यादा चीनी वाले जूस पर 12 प्रतिशत और ज्यादा चीनी वाले दूध आधारित पेय पर केवल 5 प्रतिशत कर लगता है। गौर करने की बात है कि बिना चीनी मिलाए जूस और बिना चीनी मिलाए दूध अधिक पौष्टिक हो सकता है और इसलिए कई देशों में इन पर कम कर लगाया जाता है। भारत में पानी पर उच्च कर के चलते एक विशाल नकली बाजार का विकास हुआ है, जो कर का भुगतान नहीं करता है। अनुमान है, देश में उत्पादित सभी पेय पदार्थों का 80 प्रतिशत असंगठित क्षेत्र से आता है, जो किसी कर का भुगतान नहीं करता है।

दूध, फल और सब्जियों के शीर्ष उत्पादकों में से एक होने के बावजूद पेय पदार्थ क्षेत्र से पैदा राजस्व के मामले में भारत पिछले साल 15वें स्थान पर था। देश पेय पदार्थों के शीर्ष 50 निर्यातकों में नहीं है और इसका एक कारण यह है कि दुनिया में कम चीनी व बिना चीनी वाले पेय पदार्थों की मांग बढ़ रही है। अब समय आ गया है कि भारत चीनी की अधिक मात्रा वाले पेय पदार्थों पर अनेक स्तरीय जीएसटी लगाए, जैसे उच्च चीनी-उच्च कर (28 प्रतिशत) और न्यूनतम या चीनी मुक्त पदार्थों पर शून्य या पांच प्रतिशत कर लगाया जाए।

**(ये लेखिका के अपने विचार हैं)**

# क्षेत्रवार असमानता कम होने से राष्ट्रवाद को मजबूती

विवेक काटजू

तमिलनाडु के मुख्यमंत्री और डीएमके पार्टी अध्यक्ष एमके स्टालिन ने अपने दल के सांसद डीवीएन सेंथीकुमार की खिंचाई करके ठीक किया है, जब उक्त सांसद ने राजस्थान, मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ के विधानसभाई चुनावों में भाजपा की जीत के बाद लोकसभा में हिन्दी भाषी सूबों को 'गोमूत्र राज्य' ठहराया। पिछले सप्ताह लोकसभा में दिए अपने भाषण में सेंथीकुमार ने तमिलनाडु, केरल, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना और कर्नाटक में भाजपा की चुनावी हार का हवाला देते हुए कह डाला कि भाजपा का दक्षिण भारत में सफल होना मुश्किल है। अंततः उन्हें अपने कहे पर माफी मांगनी पड़ी और उक्त शब्दों को लोकसभा कार्यवाही के रिकॉर्ड से हटा दिया गया।

देश के किसी भी हिस्से या सूबे के लोगों की भावुकता को चोट पहुंचाने वाले किसी सांसद के ऐसे शब्द अस्वीकार्य हैं। संसदीय कार्यवाही में हल्की-फुल्की छेड़छाड़ होती है, होती आई है और होनी भी चाहिए, क्योंकि सदस्यों की विषयात्मक बहस में कुछ हद तक नोक-झोंक भरा तरीका मित्रतापूर्ण बहस का हिस्सा होती है। हालांकि, बेइज्जती करने वाले शब्दों की संसदीय प्रकिया में कोई जगह नहीं है। डीएमके सांसद के बोल न केवल चोट पहुंचाने वाले थे बल्कि इंडिया नामक गठबंधन का राजनीतिक रूप से खमियाजा भी हो सकता है।




उम्मीद के मुताबिक भाजपा ने उक्त शब्दों पर तीखी प्रतिक्रिया जाहिर की और इन्हें उत्तर-दक्षिण के आधार पर देश को बांटने वाला प्रयास करार दिया। दक्षिण के संदर्भ में, जहां कर्नाटक में भाजपा की हार हुई है, लेकिन तेलंगाना में कुल वोटों में अपना हिस्सा बढ़ने से सांत्वना भी मिली है। ऐसा नहीं है कि मानो दक्षिण में भाजपा का कोई आधार नहीं है। लेकिन तथ्य यह भी है कि किसी भी दक्षिण भारतीय राज्य में भाजपा की अपनी सरकार नहीं है, हालांकि पुडुचेरी में भाजपा सत्तारूढ़ गठजोड़ का अंग है। ठीक इसी समय, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इन सूबों की जनसंख्या के अच्छे-खासे वर्ग में अपने प्रति भरोसा अर्जित किया है, विशेषकर राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़े मुद्दों पर।

अलबत्ता, डीएमके सांसद के बोलों से बना विवाद मौका है भारतीय राष्ट्रवाद पर आत्मविश्लेषण करने का। यह इसलिए क्योंकि हो सकता है कि राष्ट्रवादिता की परतों के भीतर क्षेत्रवाद मौजूद हो। इसमें कोई शक नहीं कि आज़ादी के बाद से देश की राष्ट्रवादिता की जड़ें लचीली रही हैं और मजबूत होती गईं। देश के तमाम इलाकों में लोग राष्ट्रीय भावनाओं से ओत-प्रोत हैं, जो देश पर बाहरी खतरा महसूस होने पर खासतौर पर उभर आती है। इसके आलोक में, राजनीतिक वर्ग को सनद रहे कि दुनिया की कुल आबादी में छठा हिस्सा रखने वाले देश भारत का राष्ट्रवाद समावेशी हो, जो सभी संस्कृतियों, जीवनशैली, भाषाओं, क्षेत्रीय आकांक्षाओं का सम्मान करे। साथ ही, राष्ट्रवाद तभी मजबूत होगा जब दौलत और कमाई के मामले में क्षेत्रवार विषमताएं घटें। यह बात देश के विभिन्न हिस्सों में मानव विकास के स्तर पर भी लागू होती है। जिस एक विषय पर चर्चा कभी-कभार होती है, वह है संविधान में राजकीय नीति के दिशा-निर्देशक सिद्धांतों पर प्रकाश।

राजनीतिक वर्ग और जनता अधिकांशतः भूली बैठी है कि दिशा-निर्देशक सिद्धांत देश में राजकाज चलाने का 'आधारभूत' है और कानून बनाने में इन सिद्धांतों को लागू करवाना राजव्यवस्था का कर्तव्य है। अनुच्छेद 38(2) का दिशा-निर्देश सिद्धांत कहता है 'राजव्यवस्था, खासतौर पर, आमदनी में असमानता को न्यूनतम रखने और सामाजिक रुतबे, सुविधाएं और अवसरों में गैर-बराबरी को समाप्त करने का प्रयास करे, न केवल किन्हीं लोगों में, बल्कि अलग-अलग भागों में बसी आबादी और विभिन्न रोजगारों में लिप्त लोगों के बीच भी।' जाहिर है यहां शब्द 'क्षेत्र' में सूबे भी शामिल हैं। इससे इंकार नहीं हो सकता कि बढ़ती क्षेत्रवार और राज्यवार असमानता के चलते विभिन्न किस्म के दबाव और भावनाएं-कुछ अस्वस्थ भी उभरें। राजनीतिक वर्ग गरीबों के संत्रास का हल निकालने को विभिन्न उपाय बैठा रहा है, इसमें उनके खातों में सीधे पैसे भेजने वाली योजना भी शामिल है। यह अच्छा है कि बिचौलिए द्वारा यह पैसा हड़पने से बचाने के लिए धन स्थानांतरण के लिए डिजिटल तरीकों का इस्तेमाल किया जा रहा है। केंद्रीय एवं राज्य सरकारें गरीब वर्ग की रोजगार संभावना बेहतर बनाने को कौशल स्तर बढ़ाने वाली योजनाएं चलाना चाहती हैं।

जहां एक ओर यह सब किया जा रहा है, जिस मुख्य और बहुत अहम ध्येय को स्पष्टतः नजरअंदाज किया जा रहा है, वह है व्यक्तिगत और समूहगत कमाई में असमानता को न्यूनतम करने वाले दिशा-निर्देशक सिद्धांत। यह करने के लिए कर की दर को बढ़ाना कारगर न होगा। इसकी पूर्ति केवल शिक्षा प्रसार और लोगों के रवैये में बदलाव लाकर ही हो पाएगी। देश के वह हिस्से, जहां के लोग दूरगामी सोच रखते हैं और डिजिटल युग की संभावनाओं और अवसरों का भरपूर फायदा लेना चाहते हैं, न ही उनमें 'इतिहास की गलतियों को सुधारने के प्रति आसक्ति' है, वे आमदनी और भौतिक सुखों के हिसाब से बेहतर हैं।

अवश्य ही दक्षिणी राज्यों में लोगों के बड़े वर्ग पर, शायद उनके अलहदा ऐतिहासिक अनुभवों एवं उत्तरी अंचल से काफी दूर होने के कारण, अपने मानस पर इतिहास की सांप्रदायिक, ऐतिहासिक गलतियों को सही करने का बोझ उतना नहीं लेते। इसलिए उनके संयुक्त मुद्दे देश के उत्तर भारतीय राज्यों से अलग हैं। यह खासियत भी अंदर ही अंदर जुड़ी हुई है और चुनावी परिणामों में प्रतिबिम्बित होती है। राजनीतिक जमात के लिए इन कारकों को ध्यान में रखना अनिवार्य है।

स्टेशन रोड, इंदिरा मार्केट, दुर्ग के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करे:-
9827806026,
7869620239

Sargam Musicals
Deals in All Kinds of Musical Instrument Sales & Repair
DURG:- Near Tarun Adlabs Station Road, Durg (C.G.) Durg, Ph. 2330588, 9826660688
RAIPUR:- Near Manju Mamta Reaustaurant, M.G. Road Raipur. Ph. 4013288, 9303876196

गंजेपन से मुक्ति मात्र 1 घंटे में
COMPLETE FAMILY SALON
हेयर रिप्लेसमेंट, 100% संतुष्टि की गारंटी
पहले बाद में
JITU'Z CUT N SHINE
93009-11331
रंगोली बेंगल्स के सामने, जयसवाल इलेक्ट्रानिक के बाजू में इंदिरा मार्केट, स्टेशन रोड, दुर्ग (छ.ग.)




# श्रीकंचनपथ
छत्तीसगढ़

इनकम TAX
ITR फाईल
बनवायें मात्र 500/- में
TDS, GST, TAX Expert
सम्पर्क- शेखर गुप्ता
9300755544
onlytds@gmail.com WWW.ONLYTDS.COM



## खास खबर

### विकसित भारत संकल्प यात्रा के लिए विभिन्न विभागों के कार्य-दायित्वों का किया गया निर्धारण

**कोरबा।** कलेक्टर सौरभ कुमार के निर्देशन में विकसित भारत संकल्प यात्रा के सफल आयोजन हेतु विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारियों के कार्यों व उत्तरदायित्वों का निर्धारण किया गया है। जिसमें पंचायत सचिव ग्राम पंचायत की बैठक की आवश्यक व्यवस्था एवं समन्वय करेंगे। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के द्वारा माता एवं किशोरी के संबंध में मेरी कहानी मेरी जुबानी सफलता की कहानी तैयार करेंगे। इसी प्रकार मितानिन के द्वारा आयुष्मान कार्ड योजना, स्वास्थ्य शिविर टी.बी. स्क्रीनिंग, सिकलसेल एनीमिया तथा हितग्राहियों की सफलता की कहानी, राष्ट्रीय आजीविका मिशन ग्रामीण एवं शहरी समूह सखी द्वारा स्व सहायता समूह के सदस्यों के विषय में धरती कहे पुकार के व सफलता की कहानी, कृषि विस्तार अधिकारी द्वारा प्रगतिशील एवं महिला किसान, प्रधानमंत्री किसान योजना, जैविक कृषि, मृदा स्वास्थ्य परीक्षण, हितग्राहियों की सफलता की कहानी, रोजगार सहायक द्वारा मनरेगा मजदूर एवं प्रधानमंत्री आवास के हितग्राहियों की सफलता की कहानी, सहकारी समिति सचिव द्वारा हितग्राहियों की सफलता की कहानी, पशु चिकित्सा सहायक, मत्स्य निरीक्षक के द्वारा किसान क्रेडिट कार्ड के हितग्राहियों की सफलता की कहानी तैयार की जाएगी।

### एकलव्य विद्यालय छुरीकला में संभाग स्तरीय बाल वैज्ञानिक प्रदर्शनी का आयोजन

**कोरबा।** छत्तीसगढ़ राज्य स्तरीय आदिम जाति कल्याण आवासीय एवं आश्रम शैक्षणिक संस्थान समिति रायपुर द्वारा 51वें राष्ट्रीय बाल वैज्ञानिक प्रदर्शनी 2024 में भाग लेने हेतु एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों की संभाग स्तरीय बाल वैज्ञानिक प्रदर्शनी वर्ष 2023-24 का आयोजन विकासखण्ड कटघोरा के एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय छुरीकला में आयोजित किया गया है। कार्यालय सहायक आयुक्त आदिवासी विकास से प्राप्त जानकारी के अनुसार संभाग स्तरीय बाल वैज्ञानिक प्रदर्शनी में बिलासपुर संभाग के रायगढ़, गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही, मुंगेली, सक्ती व कोरबा जिला हिस्सा लेंगे। उन्होंने बताया कि इस बाल वैज्ञानिक प्रदर्शनी के दो घटक होंगे। जिसमें पहला प्रदर्शनी व दूसरा सेमीनार है। इसी प्रकार प्रदर्शनी हेतु उप थीम हेल्थ, लाइफ (लाइफस्टाइल फॉर एनवायरनमेंट), एग्रीकल्चर, कम्युनिकेशन एण्ड ट्रांसपोर्ट तथा कम्प्यूटेशनल थिंकिंग निर्धारित की गई है।

### सचिवों की बैठक में बोले सीएम साय

## हमारी सरकार पूर्वाग्रह से ग्रसित होकर नहीं बल्कि टीम भावना से करेगी काम



श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की अध्यक्षता में गुरुवार को महानदी भवन नवा रायपुर में विभिन्न विभागों के सचिव स्तर के अधिकारियों की बैठक आयोजित हुई। बैठक में मुख्यमंत्री को राज्य में संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी गयी। इस अवसर पर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा कि शासन और प्रशासन विकास की गाड़ी के दो पहिए हैं, हम सब मिलकर राज्य को आगे बढ़ाएंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार पूर्वाग्रह से ग्रसित होकर नहीं बल्कि टीम भावना से कार्य करेगी । प्रशासनिक अधिकारी हमारे परिवार के सदस्य की तरह हैं।

बैठक में उप मुख्यमंत्री अरूण साव ने कहा कि छत्तीसगढ़ के लोग बहुत ही सहज और सरल हैं, हमें मिलकर राज्य के लोगों की आकांक्षाओं को पूरा करना है। उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि लोकतांत्रिक परंपरा में नागरिक, प्रशासन और शासन एक दूसरे के पूरक हैं।

हम सब मिलकर ही राज्य को विकास की ओर अग्रसर करेंगे। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने नई सरकार की कैबिनेट की प्रथम बैठक में मुख्य सचिव अमिताभ जैन को क्रियान्वयन हेतु 'घोषणा पत्र' सौंपा। कार्यक्रम में मुख्य सचिव अमिताभ जैन, अपर मुख्य सचिव सुब्रत साहू एवं सभी विभागों के सचिव उपस्थित रहे।

## स्वामी आत्मानंद हिंदी विद्यालय में हुआ एड्स जागरुकता कार्यक्रम



श्रीकंचनपथ न्यूज

**बीजापुर।** विश्व एड्स दिवस पखवाड़ा के मौके पर शासकीय उच्चतर स्वामी आत्मानंद हिंदी माध्यम विद्यालय बीजापुर में स्वास्थ्य विभाग के द्वारा छात्र छात्राओं के साथ विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया, जिसमे मुख्य रूप से छात्र छात्राओं के द्वारा रैली व नुक्कड़ नाटक के माध्यम से एड्स से बचाव एवं कारण का जोर शोर से प्रचार-प्रसार किया गया। कार्यक्रम में बढ़ कर छात्र-छात्राओं के द्वारा भागीदारी ली गई। कार्यक्रम में स्वास्थ्य विभाग की ओर से जिला एड्स नोडल अधिकारी डॉ के चेलापति राव स्त्रङ्क काउंसलर प्रमोद पटेल, कमलूराम ताती, क्षय रोग नियंत्रण से मनीष साहू डीपीसी, नरसिंग रत्नाकर टीबी एचआईवी कोर्डिनेटर, ओनेश दुर्गम, गोपीनाथ पत्रा पीरामल, प्राचार्य प्रभारी बीएल शर्मा व अन्य शिक्षक गण भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में निबंध प्रतियोगिता, रंगोली प्रतियोगिता, प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता व नुक्कड़ नाटक के समस्त प्रतिभागियों को प्रोत्साहन के लिए पुरुस्कार वितरण किया गया साथ में प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र छात्राओं को विशेष उपहार दिया गया।

कार्यक्रम के अंत में जिला नोडल अधिकारी एवं, काउंसलर के द्वारा एचआईवी के चार कारणों 1 संक्रमित मां से बच्चे को 2 संक्रमित ब्लड चढ़ाने से 3 संक्रमित सुई से 4 असुरक्षित यौन संबंध से व सभी से बचाव के उपाय भी बताए गए और साथ में टोल फ्री नम्बर 1097 में कॉल कर अधिक जानकारी ले सकते हैं। जिला चिकित्सालय के आईसीटीसी केंद्र में निशुल्क जांच एवं परामर्श प्राप्त कर सकते हैं।

## राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस में गरियाबंद के बाल वैज्ञानिकों का मॉडल चयनित

श्रीकंचनपथ न्यूज

**गरियाबंद।** रायपुर के पंडित रवि शंकर शुक्ल विश्वविद्यालय के फार्मेसी विभाग में 31 वे राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस का राज्य स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। जिसमे गरियाबंद जिले के 5 प्रोजेक्ट का चयन राज्य स्तरीय में हुआ। इसमें से एक प्रोजेक्ट 'प्लास्टिक के विकल्प के रूप में बायोप्लास्टिक' का चयन राष्ट्रीय स्तर पर हुआ है। शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय कोपरा के विद्यार्थी अन्नपूर्णा पटेल और मेघा वर्मा द्वारा बनाए विज्ञान मॉडल का चयन बाल विज्ञान कांग्रेस में किया गया। प्रतियोगिता



पश्चात आज जिले के बाल वैज्ञानिक बच्चों ने कलेक्टर आकाश छिकारा से मुलाकात की।

इस दौरान कलेक्टर और सीईओ जिला पंचायत श्रीमती रीता यादव ने बच्चों के प्रोजेक्ट का चयन राष्ट्रीय स्तर पर होने के लिए खूब बधाई दी। साथ ही निरंतर मेहनत करते हुए आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि बच्चों द्वारा बनाए गए साइंस प्रोजेक्ट का राष्ट्रीय स्तर पर चयन होना जिले के लिए बड़ी गर्व की बात है। इससे जिले के बच्चों में छुपी प्रतिभा उभरेगी। साथ ही अन्य बच्चे विज्ञान और वैज्ञानिक गतिविधियों को पढ़ने और सीखने के लिए प्रेरित होंगे। इस दौरान डीईओ रमेश निषाद, मार्गदर्शिका शिक्षिका माधुरी चक्रधारी, मनीषा साहू , मार्गदर्शक शिक्षक सतीश कुमार मालवीय, शिक्षक संजीत, सेजेस राजिम अनुष्का गुप्ता, देवप्रिया , शिक्षक समीक्षा गायकवाड, आई पी साहू, ज्ञानेंद्र शर्मा एवं अन्य अधिकारी कर्मचारी सहित स्कूली बच्चे मौजद रहे।

## आधार अपडेशन के लिए भिलाई में लग रहा शिविर, कई दस्तावेजों के लिए है जरूरी

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** आधार अपडेशन के लिए नगर पालिक निगम भिलाई के द्वारा शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह शिविर 19 जनवरी तक आयोजित होगा। नगर पालिक निगम भिलाई की आम नागरिकों से अपील है कि जिन्होंने अब तक अपना आधार कार्ड अपडेट नहीं कराया है वह अपना आधार कार्ड शीघ्र ही अपडेट करा लें। बैंक, अकाउंट हो या जन्म - मृत्यु, आयुष्मान कार्ड सहित सभी जरूरी दस्तावेजों के लिए आधार अपडेशन जरूरी है। निगम द्वारा लगाए जा रहे शिविर में जोन 01 में 206, जोन 02 में 203, जोन 03 में 170, जोन 04 में 220 तथा जोन 05 में 212 नागरिकों का अपडेशन किया जा चुका है। 10 वर्ष पूर्व जिन्होंने अपना आधार कार्ड बनवाया है उन्हें आधार अपडेशन करवाना अत्यंत अनिवार्य है। ताकि उन्हें इस आधार पर अन्य दस्तावेजों को बनाने में सहूलियत हो और दिक्कतों का सामना न करना पड़े। अब तक कई लोगों ने शिविर का लाभ उठाते हुए अपना आधार अपडेट करवा लिया है साथ ही आयुष्मान कार्ड भी बनवा लिया है। गौरतलब है कि महापौर नीरज पाल एवं निगमायुक्त रोहित व्यास के निर्देश पर निगम के कर्मचारियों के द्वारा निगम क्षेत्र के विभिन्न वार्डों में पहुंचकर आयुष्मान कार्ड बनाने शिविर का आयोजन किया जा रहा



है। 6 दिसंबर से जारी शिविर में निगम क्षेत्र के 1011 नागरिकों ने अपना आधार कार्ड अपडेशन करा लिया है।

### इन स्थानों पर लग रहा शिविर

13 दिसम्बर को मंचमुखी गार्डन सांस्कृतिक गार्डन, वार्ड 16 सुपेला बाजार में सामुदायिक भवन शंकर पारा सुपेला व सामुदायिक भवन दुबे पशु आहार, वार्ड 32 बैकुण्ठधाम सुन्दर नगर में युगनिर्माण स्कूल के पास पार्षद कार्यालय, वार्ड 40 शहीद चुम्मन यादव छावनी में मंगल बाजार के पास व राधाकृष्णा मंदिर के पास, वार्ड 59 सेक्टर 05 पूर्व में डोम शेड सड़क 12-13, वार्ड 04 नेहरू नगर में 14 एवं 15 दिसम्बर को नेहरू नगर सियान सदन, वार्ड 19 राजीव नगर में राम जानकी मंदिर व हनुमान मंदिर शकुन्तला विद्यालय रामनगर, वार्ड 33 संतोषी पारा केम्प 02 में गौरव पथ नाले के पास व काली मंदिर विवेकानंद के पास, वार्ड 41 औद्योगिक क्षेत्र छावनी में राजीव नगर सामुदायिक भवन व क्रांति चौक के पास आंगनबाड़ी, वार्ड 60 सेक्टर 05 पश्चिम में डोम शेड संत विजय आडिटोरियम, वार्ड 05 कोसानगर में 19 एवं 20 दिसम्बर को राधाकृष्णा मंदिर व सामुदायिक भवन उपस्वास्थ्य केन्द्र के पास, वार्ड 20 वैशाली नगर में वैशाली नगर पार्षद कार्यालय, वार्ड 34 वीर शिवाजी वार्ड में पार्षद कार्यालय मिलन चौक, वार्ड 42 गौतम नगर में गली नं. 5 शिव मंदिर व बड़ा मंचशील स्कूल, वार्ड 61 सेक्टर 6 पूर्व में नगर निगम जोन कार्यालय जोन 5, वार्ड 06 प्रियदर्शिनी परिसर में 21 एवं 22 दिसम्बर को शीतला मंदिर संजय नगर व बलीराम किराना स्टोर्स व्यकेटेश्वर टाकिज के पास सामुदायिक भवन, वार्ड 21 कैलाश नगर में कैलाश नगर सियान सदन आदि जगह होंगे।

## प्रदेश के 18 लाख लोगों को जल्द मिलेगा पक्का आवास-सरोज

श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग।** राज्य सभा सांसद एवं भारतीय जनता पार्टी की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सुश्री सरोज पाण्डेय ने छत्तीसगढ़ सरकार की पहली केबिनेट की बैठक में प्रदेश के 18 लाख गरीब परिवारों को पक्का आवास देने के वादा को पूरा करने के लिए मुख्यमंत्री विष्णु देव साय सरकार का आभार जताया ।

उन्होनें कहा हमें विश्वास है कि छततीसगढ़ की साय सरकार प्रधानमंत्री जी के सभी गारंटियों को आने वाले पांच वर्ष में अवश्य पूरा करेगें । इस संबंध में सुश्री पाण्डेय ने बताया कि प्रधानमंत्री आवास नहीं बनाये गये इस विषय को भाजपा ने मुद्दा बनाया था। भाजपा ने अपने घोषणा पत्र में गरीबों को आवास देने की घोषणा की थी जिसे साय सरकार ने अपनी पहली केबिनेट में ही वादा को पूरा किया है ।

साय सरकार ने पहली कैबिनेट की बैठक में अटल



बिहारी बाजपेयी जी की जयंती सुशासन दिवस पर किसानों को दो साल का बकाया बोनस 25 दिसंबर को दिये जाने का भी निर्णय लिया है । केबिनेट की इस पहली बैठक में उपमुख्यमंत्री अरुण साव, और विजय शर्मा ने इस फैसले पर अपनी सहमति दी है । मुख्यमंत्री विष्णु देव साय सरकार ने दो वर्षो के अंदर छत्तीसगढ़ प्रदेश के प्रत्येक घरों में पीने का पानी उपलबध कराने का वादा अपने घोषणा पत्र में किया था जिसे भी पूरा करने के योजना बनायी गयी । मोदी गारंटी के तहत् गरीब विवाहित महिलाओं को 1000 रु0 महिना दिये जाने की वादा को भी पूरा करने कहा गया है । उन्होनें बताया भाजपा की घोषणा पत्र में महतारी वंदन योजना को शुरु करने का मुख्य उद्देश्य राज्य की गरीब विवाहित महिलाओं को प्रतिवर्ष 12000 रुपये की वित्तीय सहायता राशि प्रदान की जाएगी । साय सरकार ने ये साफ कर दिया कि वह सबसे पहले कौन से काम को पूरा करेगें । वे मुख्यमंत्री के तौर पर अपनी सरकार के जरिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की गारंटी को पूरा करने की कोशिश करेगें । साथ ही वे छत्तीसगढ़ की जनता से किए गए वादे को पूरा अवश्य करेगें ।

## नियमों का उल्लंघन करने वाले डीजे संचालकों पर होगी कार्यवाही : कलेक्टर

श्रीकंचनपथ न्यूज

दुर्ग। कलेक्टर पुष्पेन्द्र कुमार मीणा ने कलेक्टोरेट सभाकक्ष में राजस्व विभाग की समीक्षा बैठक ली। इस दौरान कलेक्टर ने ज्यादा तेज आवाज में डीजे बजाने पर कड़ी कार्यवाही करने को कहा। उन्होंने निर्धारित मानक से अधिक ध्वनि उत्पन्न करने वाले डीजे पर रोक लगाने की बात कही।



किसी शादी एवं अन्य उत्सव के अवसर पर ध्वनि के लिए तय मानकों का उल्लंघन किए जाने पर कार्यवाही की जाएगी। इस दौरान उन्होंने सभी एसडीएम को ध्वनि प्रदूषण फैलाने वाले डीजे की नोईस मीटर से स्पीकर की जांच कराने के निर्देश दिए। अगर कोई अपने निजी उपयोग के लिए डीजे का उपयोग करता है तो वो निर्धारित मानक में ही उसे बजाए। यदि कोई डीजे का उपयोग करता है तो उसकी सीमा उस क्षेत्र के परिवेशीय ध्वनि पैमाने से 75 डेसिबल से अधिक नहीं होनी चाहिए। कलेक्टर ने राजस्व अधिकारियों को सीमांकन के निराकृत व अनिराकृत प्रकरणों को प्राथमिकता के साथ साफ्टवेयर में अपडेट करने को कहा। इस दौरान उन्होंने समय सीमा से बाहर विभागीय प्रकरणों के निराकरण में लेटलतीफी करने वाले वाले अधिकारियों को अपने दायित्वों का निर्वहन सर्वोच्च प्राथमिकता से करने को कहा। साथ ही राजस्व संबंधी कार्यो में लापरवाही बरतने वाले पटवारियों को नोटिस जारी करने को कहा। उन्होंने सीमांकन प्रकरणों के लंबित प्रकरणों का कार्य अतिशीघ्र पूर्ण कराने को कहा। बैठक में उन्होंने जमीन से जुड़े सभी अविवादित नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन, राजस्व वसूली, नक्शा बटांकन, डायवर्सन एवं भू अर्जन के लंबित प्रकरणों की समीक्षा की। न्यायालय में दर्ज 6 माह से 1 वर्ष तक लंबित प्रकरणों का निराकरण शीघ्र करने को कहा। बैठक में अपर कलेक्टर अरविंद एक्का एवं योगिता देवांगन, संयुक्त कलेक्टर प्रवीण वर्मा, एसडीएम मुकेश रावटे, विपुल गुप्ता, जागेश्वर कौशल, महेश गुप्ता सहित अतिरिक्त तहसीलदार उपस्थित थे।

ॐ साईं राम
माँ पुस्तक भंडार

होलसेल में कापी-किताब एवं स्टेशनरी सामान मिलने का एक मात्र स्थान
पुरानी एवं नई पुस्तकें खरीदी व बेची जाती है
रावणभाटा, सुपेला, भिलाई (छ.ग.)
मो. 7489051024, 7770845578

Since 1972
CROWN® - TV
Choice Of Millions
LED Available 16 -20 -22 - 24 - 32-40-50-55-65


Premier sales 8959493000
A Leela Electronics 9425507772
Reena Electronics 9329132299
Shree Electronics 7000827361
CONTACT
Maa Durga Electronics 9827183839
Rohit Electronics 94242-02866
Authorised Distributers For Chhattisgarh
Trade Enquiry: 98262-52372

## खास खबर...




### मुख्यमंत्री ने सरदार वल्लभ भाई पटेल की पुण्यतिथि पर उन्हें किया नमन

**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने देश के प्रथम उप प्रधानमंत्री और गृहमंत्री भारतरत्न सरदार वल्लभ भाई पटेल की 15 दिसंबर को पुण्यतिथि पर उन्हें नमन किया है। श्री साय ने सरदार पटेल का पुण्य स्मरण करते हुए कहा है कि सरदार पटेल अपने फौलादी संकल्पों के कारण लौह पुरुष के नाम से जाने जाते हैं। उन्होंने देशी रियासतों का भारतीय संघ में विलय कर देश के एकीकरण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। स्वतंत्रता के लिए किये संघर्ष के दौरान उन्होंने कई आंदोलनों का कुशल नेतृत्व किया। श्री साय ने कहा कि स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद भी सरदार पटेल भारत को एक सूत्र में पिरोने की दिशा में काम करते रहे। भारत देश के निर्माण में सरदार पटेल की भूमिका हमेशा अविस्मरणीय रहेगी।

### बीए फर्स्ट ईयर पूरक परीक्षा में 55 प्रतिशत पास, ढाई हजार को मिली सप्लीमेंट्री

**रायपुर।** बीए फर्स्ट ईयर की पूरक परीक्षा में 55 फीसदी, सेकंड ईयर की परीक्षा में 59 फीसदी और बीएससी फर्स्ट ईयर में 65 प्रतिशत छात्र पास हुए हैं। गुरुवार को रविवि की ओर से 6 पूरक परीक्षाओं के रिजल्ट जारी किए गए। बीए पार्ट-1 में 6603 छात्र शामिल हुए थे। इसमें से 3620 पास हुए। 447 फेल हुए। 2534 को फिर सप्लीमेंट्री मिली है। जबकि विभिन्न कारणों से दो छात्रों के रिजल्ट रोके गए हैं। इसी तरह बीए पार्ट-2 की परीक्षा में 7475 परीक्षार्थी थे। इनमें से 4410 पास हुए। 520 फेल और 2542 को पूरक मिला। तीन छात्रों के रिजल्ट रोके गए। बीएससी पार्ट-1 की परीक्षा में 2372 परीक्षार्थी शामिल हुए थे। इनमें से 1539 पास हुए। 185 फेल। 648 को पूरक मिला। रविवि की वेबसाइट www.prsu.ac.in पर नतीजे जारी किए गए हैं।

### दिल की बंद नसों को दुनिया के सबसे छोटे पम्प 'इम्पेला' से खोलकर बचाई जान




**रायपुर।** डॉ. अंबेडकर अस्पताल स्थित एडवांस कार्डियक इंस्टीट्यूट के कार्डियोलॉजी विभाग में दुनिया के सबसे छोटे हृदय पम्प इम्पेला की मदद से दिल के मरीज की जान बचायी।

हार्ट अटैक के कारण मरीज के दिल की सभी नसें लगभग 100 प्रतिशत ब्लॉक हो चुकी थीं। डाक्टरों के सामने कोई विकल्प नहीं था। उन्होंने मरीज के परिजनों की सहमति के बाद दुनिया के सबसे छोटे इम्पेला से एंजियोप्लास्टी कर ब्लॉकेज को खोला। मरीज अब स्वस्थ्य है। इस तकनीक का उपयोग इसलिए खास है क्योंकि देश के किसी भी सरकारी अस्पताल में पहली बार इतने छोटे इम्पेला का उपयोग किया गया है। एसीआई के एचओडी डॉ. स्मित श्रीवास्तव के अनुसार इम्पेला दुनिया का सबसे छोटा हृदय पम्प है। ये दिल की बंद नसों को खोलते समय शरीर के दूसरे अंगों (दिल, फेफड़ा, किडनी एवं मस्तिष्क को हेमोडायनामिकली रूप से स्थिर करने का काम करता है। इसी वजह से मरीज की सफलतापूर्वक एंजियोप्लास्टी की जा सकती है। डॉ. स्मित के अनुसार विश्व में तीन लाख मरीजों का इस विधि से इलाज हुआ है। भारत में 240 मरीज के लिए इस तकनीक उपयोग की गई है।

प्रोसीजर करने वाले डॉक्टरों की टीम में डॉ. स्मित के साथ डॉ. बलविंदर सिंग, डॉ. अनमोल अग्रवाल एवं डॉ. प्रतीक गुप्ता, डॉ. तान्या छौडा, आईपी वर्मा, जितेंद्र, खेम सिंग, नीलिमा, निशा एवं नर्सिंग स्टाफमें हेमलता देवांगन, बुधेश्वर साहू, डिगेंद्र शामिल रहे।

---

### सीएम साय कैबिनेट की पहली बैठक

# छत्तीसगढ़ में गरीबों को मिलेंगे 18 लाख पीएम आवास, पूरी होंगी पीएम मोदी की गारंटियां

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में भाजपा सरकार के शपथ ग्रहण के बाद गुरुवार को हुई पहली कैबिनेट बैठक में सीएम विष्णुदेव साय ने बड़ी घोषणा की है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की अध्यक्षता में हुई पहली कैबिनेट बैठक में प्रदेश के 18 लाख गरीबों को आवास देने का फैसला लिया गया है। साथ ही उन्होंने कहा कि आने वाले पांच साल में पीएम मोदी की सभी गारंटियों को पूरा किया जाएगा। बैठक के बाद सीएम साय ने प्रेसवार्ता के दौरान इसकी जानकारी दी।



सीएम साय ने बताया कि सरकार के शपथ के बाद आज पहली कैबिनेट बैठक हुई। बैठक में विभिन्न विभागों के सचिवों से परिचय लिया गया। उन्होंने कहा कि भाजपा की सरकार बनते ही मोदी की गारंटियों को लागू किया जाएगा। आज कैबिनेट की बैठक में 18 लाख गरीबों को आवास देने का फैसला लिया गया है। इसके अलावा 25 दिसंबर को धान पर दो साल का बोनस दिया जाएगा। प्रेस वार्ता के दौरान सीएम साय के साथ डिप्टी सीएम अरुण साव व विजय शर्मा भी उपस्थित रहे।

इससे पहले नवा रायपुर स्थित मंत्रालय में हुई कैबिनेट बैठक में कृषक उन्नत योजना, धान खरीदी, पीएम आवास सहित अन्य मुद्दों पर चर्चा की गई। केबिनेट की बैठक में कृषक उन्नत योजना, 21 क्विंटल धान 3100 रुपए में खरीदी, किसानों को एकमुश्त राशि का भुगतान, 18 लाख पीएम आवास, दो सालों के अंदर हर घर नल कनेक्शन, महतारी वंदन योजना, दो साल का बकाया बोनस 25 दिसंबर को तक, PSC परीक्षा UPSC की तरह पारदर्शी बनाने को लेकर चर्चा हुई।

### हमारी सरकार पूर्वाग्रह से ग्रसित होकर नहीं बल्कि टीम भावना से कार्य करेगी: मुख्यमंत्री विष्णु देव साय

**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की अध्यक्षता में गुरुवार को महानदी भवन नवा रायपुर में विभिन्न विभागों के सचिव स्तर के अधिकारियों की बैठक आयोजित हुई। बैठक में मुख्यमंत्री को राज्य में संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी गयी। इस अवसर पर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा कि शासन और प्रशासन विकास की गाड़ी के दो पहिए हैं, हम सब मिलकर राज्य को आगे बढ़ाएंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार पूर्वाग्रह से ग्रसित होकर नहीं बल्कि टीम भावना से कार्य करेगी। प्रशासनिक अधिकारी हमारे परिवार के सदस्य की तरह हैं।

बैठक में उप मुख्यमंत्री अरूण साव ने कहा कि छत्तीसगढ़ के लोग बहुत ही सहज और सरल हैं, हमें मिलकर राज्य के लोगों की



आकांक्षाओं को पूरा करना है। उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि लोकतांत्रिक परंपरा में नागरिक, प्रशासन और शासन एक दूसरे के पूरक हैं, हम सब मिलकर ही राज्य को विकास की ओर अग्रसर करेंगे। कार्यक्रम में मुख्य सचिव अमिताभ जैन, अपर मुख्य सचिव सुब्रत साहू एवं सभी विभागों के सचिव उपस्थित रहे ।

# विकसित भारत संकल्प यात्रा 16 से, कलेक्टर ने की तैयारियों की समीक्षा

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** रायपुर जिले के शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में 16 दिसंबर से विकसित भारत संकल्प यात्रा शुरू होगी। 26 जनवरी 2024 तक चलने वाली इस यात्रा के सफल आयोजन के लिए कलेक्टर डॉ सर्वेश्वर भुरे ने कलेक्टोरेट परिसर स्थित सभाकक्ष में गुरुवार को अब तक की गयी तैयारियों की समीक्षा की। समीक्षा बैठक में उन्होंने अधिकारियों को केन्द्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के अधिक से अधिक लोगों को लाभान्वित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने इस संकल्प यात्रा के सफल एवं बेहतर आयोजन के लिए सभी तैयारियां समयपूर्व पूरी करने के भी निर्देश बैठक में दिए। बैठक में जिला पंचायत के प्रभारी मुख्य कार्यपालन अधिकारी हरि कृष्ण जोशी, नगर के निगम के



अपर आयुक्त अभिषेक अग्रवाल सहित सभी विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।

बैठक में कलेक्टर डॉ भुरे ने बताया कि 'विकसित भारत संकल्प यात्रा' के आयोजन के दौरान आम जनता को केंद्र सरकार की आयुष्मान भारत योजना, प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना, किसान क्रेडिट योजना, जल-जीवन मिशन, प्रधानमंत्री जन-धन योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति योजना, अटल पेंशन योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना के आदि योजनाओं की जानकारी दी जाएगी। इसके साथ ही इन योजनाओं से पात्र हितग्राहियों को लाभान्वित करने का प्रयास किया जाएगा।

# बगिया के फूल से अब महकेगा पूरा छत्तीसगढ़ सुशासन से संवरेगा छत्तीसगढ़-आएगी खुशहाली

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** प्राकृतिक सुंदरता के साथ शान्ति और सुकून का आभास कराने वाले जशपुर की पहचान में एक नई कड़ी जुड़ गई है। यहां के कांसाबेल ब्लॉक में जीवनदायिनी मैनी नदी के किनारे बसे खूबसूरत गांव बगिया में खिले विष्णु देव साय रूपी फूल की खुशबू से अब पूरा छत्तीसगढ़ महकेगा। छत्तीसगढ़ के नए मुख्यमंत्री विष्णु देव साय इसी बगिया गांव में जन्में और पले बढ़े हैं।

### जागी विकास की नई आस, मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के गांव बगिया के लोगों ने कहा- कार्यशैली और व्यवहार कुशलता से सब के दिलों में अपनी छाप छोड़ेंगे नए मुख्यमंत्री



बगिया गांव के निवासियों का कहना है कि पहली बार उनके गाँव और जशपुर जिले से छत्तीसगढ़ का मुख्यमंत्री बनाया गया है, इससे इस क्षेत्र में विकास की नई बयार चलेगी। सुशासन का उदय होगा और प्रदेश में खुशहाली आएगी। लगभग ढाई हजार की जनसंख्या वाले बगिया गांव से पहली बार कोई मुख्यमंत्री बना है। इससे गांव के साथ-साथ पूरे जशपुर जिले में उत्साह और खुशियों का माहौल है।

जनजाति समाज से आने वाले विष्णु देव साय द्वारा मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने के साथ ही बगिया में रहने वालों में ही नहीं बल्कि जशपुर, सरगुजा संभाग सहित पूरे छत्तीसगढ़ में विकास की एक नई उम्मीद और आस बंध गई है। विष्णु देव साय की सादगी और व्यवहार से गाँव के लोग भलीभांति परिचित हैं। गाँव में रहने वाले 75 साल के बुजुर्ग जितरंजन साय बताते हैं कि विष्णु देव साय की सादगी और व्यवहार को देखकर गाँव के लोगों ने उन्हें पहले पंच फिर सरपंच बनाया। गाँव के लोग चाहते थे कि विष्णुदेव साय बड़ा मंत्री बनें, उन्हें मुख्यमंत्री बनते देख के पूरा गांव बहुत खुश है। अब उनके नेतृत्व में छत्तीसगढ़ की उन्नति होगी और भविष्य उज्ज्वल होगा।

मैनी नदी के किनारे विष्णु देव साय के घर के सामने ही ग्रामीण सुखलाल सिदार रहते हैं। उनका कहना है कि अब हमारे गाँव बगिया के फूल से पूरा छत्तीसगढ़ महकेगा। विष्णु देव साय किसी खूबसूरत फूल की तरह कोमल हृदय वाले, सहज और सादगी वाले व्यक्ति है। उनका व्यवहार सबको भाएगा। गाँव में उनका मेलजोल सभी के साथ है। आदिवासी मुख्यमंत्री के रूप में भले ही आज वे शपथ ले रहे हैं, लेकिन वे अपनी कार्यशैली और व्यवहार कुशलता से सभी के दिलों में अपनी छाप छोड़ेंगे। उनके नेतृत्व में सरगुजा संभाग सहित पूरे छत्तीसगढ़ का विकास होगा।

बगिया गांव के बंठू राम साय कहते हैं कि विष्णु देव साय को प्रदेश के मुखिया के रूप में देखकर बहुत खुशी हो रही है। श्री साय जब गांव आएंगे तो उनका भव्य स्वागत किया जाएगा। उनके मुख्यमंत्री बनने से बगिया ही नहीं बल्कि आसपास के सभी गाँव के लोग खुश है और सबको एक नया भविष्य दिख रहा है। गाँव में स्व सहायता समूह संचालित करने वाली एकता स्व सहायता समूह की अध्यक्ष श्रीमती शानियरो बाई और सचिव उमादेवी कहती हैं कि विष्णु देव साय हमारी बातों को ध्यान से सुनते हैं और समस्या को दूर करने की कोशिश करते हैं। कुछ ऐसा ही गांव की देवंती बाई और सुकांति बाई भी बताती हैं। उनका कहना है कि विष्णु देव साय छत्तीसगढ़ में सादगी और सुशासन का एक नया अध्याय लिखेंगे।

नंदनी रोड, लिंक रोड, सर्कुलर मार्केट, जवाहर मार्केट पावर हाउस, भिलाई के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9303289950, 9827806026, 8962815243























# सर्दियों में स्प्रे-परफ्यूम छिड़कर पहन रहे हैं जैकेट-स्वेटर

## तो छोड़ दें जुगाड़, यह है बदबू दूर करने के बेजोड़ तरीके

सर्दियां आते ही जैकेट, स्वेटर और कुछ एक्स्ट्रा कपड़े बाहर निकल जाते हैं। बार-बार इस्तेमाल होने से इनमें से बदबू भी आने लगती है लेकिन इस मौसम में जैकेट या स्वेटर को धोना काफी मुश्किल काम लगता है। इसका एक कारण ये भी है कि सर्दी के मौसम में धूप कम निकलती है और ये कपड़े मोटे होते हैं तो सूखने में वक्त लेते हैं। ऐसे में बहुत से लोग रोज-रोज स्प्रे-परफ्यूम यूज कर इसे पहनते हैं लेकिन ये कोई परमानेंट विकल्प नहीं है। इससे बदबू दूर नहीं होती बल्कि ज्यादा आने लगती है। इसलिए हम आपको कुछ ऐसे बेजोड़ तरीके बताने जा रहे हैं, जिसकी मदद से आप जैकेट को बिना धोए ही खुशबूदार बना सकते हैं। चलिए जानते हैं।

### हर बार यूज करने के बाद ऐसे रखें जैकेट-स्वेटर

जब भी जैकेट-स्वेटर पहनकर कहीं से घर वापस आए तो उसे उतारकर हैंगर पर फैलाकर खुली हवा में टांग दें। सर्दियों के मोटे कपड़ों को धूप में रखना बदबू को दूर करने का अच्छा विकल्प होता है। रात में स्वेटर या जैकेट को खुली खिड़की के पास टांग सकते हैं।

### बेकिंग सोडा से भगाएं बदबू

गंध यानी बदबू को एब्जॉर्ब करने में बेकिंग सोडा बेहद कारगर माना जाता है। सर्दियों के कपड़ों से बदबू आने पर रात में कपड़े पर बेकिंग सोडा छिड़क कर उसे छोड़ दें। सुबह अच्छी तरह झाड़कर पहनें, बदबू गायब हो जाएगी। इसे दोबारा से इस्तेमाल कर सकते हैं।

### सिरका दूर करेगा जैकेट-स्वेटर की स्मेल

अगर आप स्वेटर-जैकेट से बदबू दूर करने के लिए बेकिंग सोडा नहीं इस्तेमाल करना चाहते हैं तो आप सिरके की मदद से बदबू भगा सकते हैं। एक बोतल में विनेगर और पानी बराबर मात्रा में मिलाकर इसे कपड़े पर स्प्रे करें। इसके बाद सूखने के लिए खुली हवा में टांग दें। बदबू दूर हो जाएगी और आप पहनकर कहीं भी जा सकते हैं। इस तरह सर्दी के मोटे कपड़ों को बिना धोए, उनकी स्मैल को दूर कर सकते हैं।

# नए फोटोशूट में इतराई मौनी रॉय, रिवीलिंग गाउन में फ्लॉन्ट किया कर्वी फिगर



मौनी रॉय अपनी फिल्मों और किसी टीवी शोज से ज्यादा लुक्स और स्टाइलिश अदाओं के कारण चर्चा में रही हैं। मौनी भी फैंस के साथ जुड़ी रहने के लिए सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। अक्सर उनकी पर्सनल और प्रोफेशनल लाइफ की झलक उनके इंस्टाग्राम पेज पर देखने को मिल जाती है। ऐसे में उनके फॉलोअर्स की लिस्ट भी काफी लंबी हो चुकी है, जो उनके हर नए लुक को देखने के लिए बेताब रहते हैं। अब फिर से मौनी ने अपना सिजलिंग अंदाज दिखाया है।

मौनी ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की झलक दिखाई है। तस्वीरों में उन्होंने साइड कट डीपनेक मल्टीशेड सीक्वेंस वाला गाउन पहने हुए देखा जा रहा है।

एक्ट्रेस ने अपने इस लुक को सटल शाइनी बेस, न्यूड पिंक लिप्स और स्मोकी आई मेकअप से कंप्लीट किया है। इस लुक के साथ उन्होंने अपने बालों को वेवी टच देकर ओपन रखा हुआ है।

मौनी ने अपने इस किलर को कैमरे के सामने फ्लॉन्ट करते हुए एक से एक स्टनिंग पोज दिए हैं। एक्ट्रेस हमेशा की तरह इस लुक में भी बेहद खूबसूरत और हॉट दिख रही हैं। मौनी की गॉर्जियस अदाओं के साथ-साथ लोग उनके कर्वी फिगर पर भी दिल हार बैठे हैं। एक्ट्रेस का ये नया लुक भी सोशल मीडिया पर काफी वायरल होने लगा है।

दूसरी ओर मौनी के वर्क फ्रंट की बात करें तो वह कम ही प्रोजेक्ट्स के लिए साइन कर रही हैं। काम के साथ-साथ एक्ट्रेस अपनी पर्सनल लाइफ को भी पूरा वक्त दे रही हैं। अक्सर उन्हें पति सूरज नाम्बियर के साथ क्वालिटी टाइम स्पेंड करते हुए देखा जा रहा है। वहीं, जल्द ही मौनी द वर्जिन ट्री टाइटल से बन रही फिल्म में भी नजर आने वाली हैं।

# चेहरे को खूबसूरत और ग्लोइंग बनाने में फेश वॉश या क्लींजर किसका करें इस्तेमाल?



स्किन को खूबसूरत और हेल्दी रखने के लिए नियमित तौर पर उसकी देखभाल करनी पड़ती है। त्वचा को साफ करने लोग फेश वॉश और क्लींजर का इस्तेमाल करते हैं। इन प्रोडक्ट्स से रोम छिद्रों से गंदगी साफ होती है और त्वचा हेल्दी बनती है। हालांकि, कुछ लोग फेश वॉश और कुछ लोग क्लींजर का यूज करते हैं। क्या आप दोनों के बीच का अंतर जानते हैं। अगर नहीं तो चलिए जानते हैं।

### फेसवॉश और क्लींजर में अंतर

फेसवॉश और क्लींजर दोनों का काम स्किन साफ करना है। फेसवॉश एक फोमिंग क्लींजर होता है, जबकि क्लिनिंग लोशन या क्लींजर नॉन-फोमिंग होता है। क्लींजर का इस्तेमाल करने के बाद चेहरा धोया नहीं बल्कि पोछा जाता है।

### फेश वॉश और क्लींजर किस तरह काम करते हैं

फेसवॉश में झाग होता है, जो रोमछिद्रों में जमा गंदगी को गहराई तक साफ करता है। अगर चेहरे पर हैवी मेकअप है और ज्यादा गंदगी-धूल से संपर्क हो रहा है तो फेश वॉश का इस्तेमाल करने से पहले क्लींजर लगाने से चेहरे की गंदगी दूर हो सकती है। वहीं, अगर क्लींजर की बात करें तो ये चेहरे से एक्स्ट्रा ऑयल, मेकअप और गंदगी दूर करता है। फेसवॉश की तुलना में ये सौ फीसदी ज्यादा इफेक्टिव होता है। धूल और गंदगी को दूर कर स्किन को हेल्दी बनाए रखता है।

### फेसवॉश और क्लींजर का इस्तेमाल कब करें

- फेश वॉश और क्लींजर का इस्तेमाल डेली रुटीन पर डिपेंड करता है।
- सुबह फोमिंग फेसवॉश यूज करते हैं और घर लौटते समय हैवी ट्रैफिक और पॉल्युशन से चेहरे पर गंदगी जम गई है तो क्लींजर करके फेसवॉश का इस्तेमाल करें।
- रात में सोने से पहले चेहरे से गंदगी हटाने क्लींजर का इस्तेमाल करना बेहतर होता है।
- मेकअप रिमूव करने के लिए भी पहले क्लींजर का इस्तेमाल करना चाहिए। इससे त्वचा को मॉश्चराइज होता है और अंदर तक उसकी साफ-सफाई होती है।
- सेंसिटिव त्वचा के लिए फेशवॉश और क्लींजर का इस्तेमाल कर सकते हैं।
- सुबह या शाम सिर्फ एक बार फेसवॉश का इस्तेमाल करना चाहिए।दिन में दो बार क्लींजर से स्किन साफ कर सकते हैं।
- ज्यादा मात्रा में फेसवॉश या क्लींजर का इस्तेमाल नहीं करना चाहिए।

# भूमि पेडनेकर ने दिखाया स्टाइल, स्वैग में दिए कैमरे के सामने पोज



भूमि पेडनेकर पिछले कुछ समय से लगातार किसी न किसी लगातार सुर्खियों में बनी हुई हैं। उन्होंने अपनी जबरदस्त अदाकारी के दम पर को पहले ही दुनियाभर के दर्शकों का दिल जीता है। वहीं, कुछ वक्त से एक्ट्रेस ने अपने ग्लैमरस और स्टाइलिश अदाओं का जादू भी लोगों पर खूब चलाया है। अब फिर से भूमि का नया फोटोशूट फैंस के बीच काफी वायरल होने लगा है।

लेटेस्ट फोटोशूट के लिए भूमि ने ऑरेंज फुल स्लीव्स लॉन्ग विंटर टॉप और ब्लैक स्टॉकिंग्स कैरी की है। इस लुक को उन्होंने ब्लैक हाई हील्स के साथ पेयर किया है। उन्होंने अपने इस गॉर्जियस लुक को सटल बेस, न्यूड ग्लॉसी लिप्स और न्यूड आई मेकअप से कंप्लीट किया है। इसके साथ उन्होंने अपने बालों का बन बनाकर बांधा हुआ है। वहीं, उनके चेहरे पर बिखरी जुल्फें उन्हें और खूबसूरत बना रही हैं। भूमि ने एक्सेसरीज के तौर पर कानों में व्हाइट ईयररिंग्स पहने हैं।

भूमि इस लुक में बेहद खूबसूरत और स्टनिंग दिख रही हैं। उन्होंने अदाएं दिखाते हुए कैमरे के सामने एक से एक किलर पोज दिए हैं। एक्ट्रेस ने एक फोटो कार्टून स्कूबी डूबी डू के कैरेटर की भी शेयर की है, जिसकी लुक काफी हद तक भूमि के इस नए लुक से मैच कर रहा है। अब फैंस के बीच एक्ट्रेस का ये नया लुक भी काफी वायरल हो रहा है। फैंस ने उनकी तारीफें करते हुए एक के बाद एक कई कमेंट्स किए हैं।

दूसरी ओर भूमि के वर्क फ्रंट की बात करें तो एक्ट्रेस लगातार कई बड़े प्रोजेक्ट्स के लिए साइन कर रही हैं। जल्द ही उन्हें भक्षक टाइटल से बन रही फिल्म में देखा जाने वाला है। इसके बाद वह मेरी पत्नी के रीमेक पर बन रही फिल्म में भी नजर आने वाली हैं। फैंस भूमि को एक बार फिर नए अंदाज में पर्दे पर देखने के लिए बेताब हैं।

# जौहरी से चारु असोपा ने डिजिटल दुनिया में किया डेब्यू

टेलीविजन उद्योग में देवों के देव महादेव, बाल वीर, बुद्धा और अन्य शो के साथ दर्शकों का दिल जीतने के बाद, चारु असोपा, जिन्होंने अब जौहरी के साथ अपना ओटीटी डेब्यू किया है, ने साझा किया कि यह शो कैसा है यह उसके लिए वापसी थी।



चारू आखिरी बार 2020 के शो अकबल का बल बीरबल में नजर आई थीं। वह वर्तमान में टेलीविजन शो कैसा है ये रिश्ता अंजाना में मुख्य महिला प्रतिपक्षी के रूप में अभिनय कर रही हैं।

अभिनेत्री की शादी पूर्व मिस यूनिवर्स सुष्मिता सेन के छोटे भाई राजीव सेन से हुई थी। हालांकि, 2023 में दोनों अलग हो गए। उनकी एक बेटी है जिसका नाम जियाना सेन है। चारू ने अब जौहरी से डिजिटल दुनिया में डेब्यू किया है।

श्रृंखला के बारे में बात करते हुए, चारू ने कहा: जब मैंने पहली बार स्क्रिप्ट पढ़ी, तो मुझे पता था कि यह वह स्क्रिप्ट है जिसका मैं इंतजार कर रही थी। यह शो मेरे लिए वापसी थी, और मैं एक अलग भूमिका निभाना चाहती थी जो मेरे पास थी पहले कभी नहीं खेला था।

35 वर्षीय अभिनेत्री ने कहा, मैंने हमेशा टीवी पर काम किया है और एक ही तरह की भूमिकाएं निभाई हैं। मुझे तानी का किरदार दिलचस्प और मेरे ओटीटी डेब्यू के लिए उपयुक्त लगा।

चारु ने रहस्यमय तानी का किरदार निभाया है, जिसका प्रभाव नीरज (निशांत मलकानी द्वारा अभिनीत) को हीरे के कारोबार में सबसे आगे रहने के लिए प्रेरित करता है। वह वही थी जिसने उसके जीवन को उल्टा कर दिया। जबकि नीरज मस्तिष्क थीं, वह सामाजिक चेहरा थीं जिसने देश के सभी लोगों का ध्यान आकर्षित किया।

जौहरी एक आम आदमी की यात्रा को दर्शाती है जो अपने चाचा के मार्गदर्शन में एक हीरा मुगल में बदल जाता है। नाटक तब और अधिक मनोरंजक हो जाता है जब कहानी बैंक घोटालों और धोखाधड़ी की दुनिया में उतरती है, जिसमें एक व्यवसायी के उत्थान और पतन को दर्शाया गया है।

यह श्रृंखला नीरज की विनम्र शुरुआत से शुरू होती है और एक स्टाइलिश थ्रिलर में विकसित होती है जो 90 के दशक के सार को दर्शाती है। जौहरी एमएक्स प्लेयर और अतरंगी टीवी पर स्ट्रीम होती है।

# बॉक्स ऑफिस पर एनिमल का शानदार प्रदर्शन जारी, वर्ल्डवाइड 800 करोड़ के करीब पहुंची रणबीर कपूर की फिल्म

बॉलीवुड इंडस्ट्री के पॉपुलर एक्टर रणबीर कपूर की फिल्म एनिमल इन दिनों सिनेमाघरों में लगी है और बॉक्स ऑफिस पर कमाई का धमाका कर रही है। इस फिल्म ना सिर्फ भारत में बल्कि वर्ल्डवाइड काफी अच्छा रिस्पॉन्स मिल रहा है। 1 दिसंबर को रिलीज हुई रणबीर कपूर की फिल्म एनिमल को 13 दिन हो चुके हैं और वर्ल्डवाइड कमाई 750 करोड़ रुपये पार हो चुकी है। इस तरह से फिल्म ने 800 करोड़ रुपये के कलेक्शन की तरफ कदम बढ़ा दिए हैं। आइए जानते हैं कि रणबीर कपूर की फिल्म एनिमल ने अब तक वर्ल्डवाइड बॉक्स ऑफिस पर कितनी कमाई की है।

रणबीर कपूर और रश्मिका मंदाना स्टारर फिल्म एनिमल 1 दिसंबर को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। फिल्म को लोग काफी ज्यादा पसंद कर रहे हैं और जिसक चलते बॉक्स ऑफिस पर कमाई का ग्राफ रोजाना तेजी से बढ़ रहा है। फिल्म एनिमल भारत से साथ ही दुनियाभर में काफी अच्छी कमाई कर रही है। फिल्म के वर्ल्डवाइड कलेकक्शन के आंकड़े सामने आ गए हैं। टी-सीरीज ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर रणबीर कपूर की फिल्म एनिमल के वर्ल्डवाइड आंकड़े दिए हैं। इस फिल्म ने 13 दिन में 772.33 करोड़ रुपये का कलेक्शन कर लिया है। इस तरह से फिल्म 800 करोड़ रुपये की कमाई की तरफ कदम बढ़ा दिए हैं।

दुर्ग, सुपेला और कोहका प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9303289950, 9827806026, 8962815243


Paul Sir
BANK P.O. & CLERK, MBA, RLY., SSC.
रामा कोचिंग
135,NEW CIVIC CENTER, Bhilai Ph. 0788-6560005

चौरसिया ज्वेलर्स
आकर्षक सोने चांदी के आभूषणों के निर्माता एवं विक्रेता

बेन्टेक्स एवं ग्रहरत्न उपलब्ध यहां
उचित ब्याज दर पर गिरवी रखी जाती है
मुक्तिधाम रोड, रामनगर, सुपेला, भिलाई
9827938211, 9827171332

## खास खबर

### आईना-ए-अदब की काव्य गोष्ठी में कोरी और नारंग सम्मानित हुए शायरों ने आने कलाम पेश किया

**भिलाई।** आईना-ए-अदब तंजीम भिलाई-दुर्ग के तत्वावधान में एक नशिस्त (काव्य गोष्ठी) और सम्मान समारोह का आयोजन शायर मोहम्मद अबू तारिक के कोहका स्थित निवास में किया गया। इसमें हजल गो शायर रामबरन कोरी कशिश भिलाई नगर और उर्दू अदब से जुड़े गजलकार आलोक नारंग दुर्ग का सम्मान किया गया। इस अवसर पर कला परंपरा के अध्यक्ष डॉक्टर डीपी देशमुख,अफसाना निगार शायर रौनक जमाल और साहित्य सृजन परिषद भिलाई के अध्यक्ष एनएल मौर्य विशेष रूप से उपस्थित थे। आयोजन में शायर रौनक जमाल बताया कि उन्हें अमेरिका से मानद उपाधि का सम्मान मिला है और जल्द ही वह अमेरिका जा रहे हैं। इस पर उपस्थित लोगों ने उन्हें मुबारकबाद दी। डॉक्टर डीपी देशमुख ने अपनी छत्तीसगढ़ी रचना का पाठ किया। इस मौके पर रायपुर, राजनांदगांव और दुर्ग से आए साहित्यकारों ने अपनी रचनाओं का पाठ किया। इनमें एलएन मौर्य, आशा झा, एजाज बशर, इस्माइल आजाद, मुमताज, हाजी ताहिर खान, रौनक जमाल, असलम खान, टीएन कुशवाहा, अंजन कुमार, शचि भवि, मोहम्मद हुसैन, सरवर आलम, अजहर अली, इस्माइल आजाद, रियाज खान गौहर, जितेंद्र कुमार वर्मा, डॉ. नौशाद अहमद सिद्दीकी, सुशील यादव, राजकुमार चौधरी, सरवर, सुल्तान और नावेद राजा दुर्गवी , ईस्माइल खान सहित अन्य ने अपनी रचनाओं का पाठ किया। कार्यक्रम का संयोजन डॉ. नौशाद अहमद सिद्दीकी ने किया। संचालन नावेद राजा दुर्गवी ने और धन्यवाद ज्ञापन मोहम्मद अबू तारिक ने दिया।

### अग्निवीर थल सेना रैली भर्ती में शामिल होने युवा हुए रवाना

**बिलासपुर।** अग्निवीर थल सेना भर्ती रैली के तहत जांजगीर चांपा जिले में 15 व 20 दिसम्बर को शारीरिक दक्षता एवं अन्य भर्ती प्रक्रियाओं का आयोजन किया जा रहा है। आज दो बसों में जिले के 54 युवा सवार होकर जिला रोजगार कार्यालय कोनी से जांजगीर के लिए रवाना हुए। कलेक्टर अवनीश शरण ने बस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। कलेक्टर ने युवाओं से बातचीत कर उनका उत्साह बढ़ाया और परीक्षा के लिए अपनी शुभकामनाएं दी। इस अवसर उप संचालक, रोजगार अमर पहारे सहित अन्य लोग मौजूद थे। कलेक्टर अवनीश शरण के निर्देश पर जांजगीर चांपा जिले के खोखराभांठा में होने वाली शारीरिक दक्षता परीक्षा में शामिल होने के लिए युवाओं के लिए जिला प्रशासन द्वारा नि:शुल्क बस की सुविधा मुहैया करायी जा रही है। जिला प्रशासन द्वारा उपलब्ध कराई गई नि:शुल्क बस सुविधा की युवाओं ने सराहना की। बिल्हा ब्लॉक के ग्राम परसदा निवासी रामप्रसाद साहू ने कहा कि जिला प्रशासन की ओर से नि:शुल्क बस सुविधा मुहैया कराने से हमें राहत मिली है। अब हम निर्धारित समय पर शारीरिक दक्षता परीक्षा में शामिल हो पाएंगे। इसी प्रकार तखतपुर ब्लॉक के ग्राम निगारबंद निवासी प्रेम कश्यप ने नि:शुल्क बस सुविधा उपलब्ध कराने के लिए जिला प्रशासन का आभार व्यक्त किया।

कलेक्टर पुष्पेन्द्र मीणा का निर्देश

# अतिक्रमण प्रभावितों का होगा व्यवस्थापन शासन की योजना से जोड़कर देंगे लाभ

श्रीकंचनपथ न्यूज



**दुर्ग।** जिले के नगरीय निकायों में यातायात व्यवस्था सुदृढ़ करने के लिए सड़क किनारे सभी छोटे-बड़े कब्जों, अवैध ठेले गुमटियों व चौपाटियों पर की गई कार्यवाही से प्रभावित व्यवसायियों/लोगों का जिला प्रशासन द्वारा व्यवस्थापन किया जाएगा। कलेक्टर पुष्पेन्द्र कुमार मीणा ने गुरुवार को नगरीय निकायों के अधिकारियों की वीडियों कांफ्रेंसिंग के माध्यम से समीक्षा बैठक ली। उन्होंने कहा कि नगरीय निकायों के चौक-चौराहों से हटाये गये अतिक्रमित व्यवसायियों/लोगों को उनके आजीविका के लिए नगर में जगह चिन्हांकित कर शिफ्ट किया जाए। ठेले को वेडिंग जोन में रखना संभव न हो तो सड़क किनारे स्थान जहां ठेला लगाया जा सके उस स्थान पर व्यवस्थित रूप से शिफ्ट किया जाए।

कलेक्टर ने कहा है कि प्रभावित लोगों का व्यवस्थापन कराकर स्मार्ट वेडिंग जोन के तहत बैंक ऋण राशि की सुविधा मुहैय्या कराने इन्हें प्रधानमंत्री स्व निधि योजना से जोड़कर लाभान्वित किया जाए। कलेक्टर श्री मीणा ने नगरीय निकाय के अधिकारियों को प्रभावित लोगों की व्यवस्थापन कराकर निकायवार जानकारी उपलब्ध कराने कहा है। कलेक्टर श्री मीणा ने जिले में केटल-फ्री रोड पर जोर देते हुए नगरीय निकायवार रोस्टर प्रारंभ होने के अब तक पकड़े गये पशुओं की जानकारी ली। उन्होंने सड़कों पर पशुओं के कारण हो रही दुर्घटना को रोकने के लिए सड़कों से घुमन्तु पशुओं को हटाने के लिए अधिकारियों को प्रभावी तरीके से कार्य करने कहा। कलेक्टर ने कहा कि सब्जी मंडी, बाजार, कालोनियाँ व सड़क की संख्या आदि पर पशुओं की लोकेशन के अनुसार कार्य किया जाए।

उन्होंने कहा कि नगर की सड़क केटल-फ्री दिखना चाहिए, पशुओं को सड़कों पर छोड़े जाने पर पशुपालकों की पहचान कर कार्यवाही किया जाए। पशुपालकों से जुर्माना लिये बगैर पशुओं को नहीं छोड़ा जाए। नगरीय क्षेत्र अंतर्गत सड़कों के किनारे गड्ढे व खुले चेम्बर की सर्वे कराकर 15 दिवस में मरम्मत सुनिश्चित किया जाए। सड़क किनारे नालियां स्लैब से ढकी होना चाहिए। नगर में स्ट्रीट लाईट की संख्या कितनी है, कितने में अभी लाईट लगी है। रौप लाईट की क्या स्थिति है, निकायवार जानकारी उपलब्ध करायी जाए। कलेक्टर ने अवगत कराया कि निकायों द्वारा सड़कों पर भीख मांगने वाले 365 लोगों को चिन्हांकित किया गया है।

उन्होंने कहा कि नगरीय निकाय के अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि इन लोगों को शासन की योजनाओं से लाभ मिल रहा है की नहीं, इसकी मॉनिटरिंग करें । इसके अलावा कई बार देखने में पाया गया कि छोटे बच्चों को गोद में लेकर परिजन चौक-चौराहों में भीख मांगते मिले है, ऐसे लोगों के परिजनों की कांऊसिंलिंग कर समझाईश दिया जाए। कलेक्टर ने कहा कि नगर के सड़कों पर कोई भी भीख मांगते ना मिले इसके लिए अधिकारी अभियान चलाकर पंद्रह दिवस में व्यवस्थापन की कार्यवाही करना सुनिश्चित करें। कलेक्टर ने नगरीय निकायों में स्वच्छता ही सेवा स्वच्छ भारत अभियान की भी जानकारी ली।

अधिकारियों ने बताया कि जिले के नगरीय निकायों के सभी वार्डों में सफाई अभियान चलाया गया। इस अभियान में अधिकारियों/कर्मचारियों के साथ जनप्रतिनिधियों और स्थानीय नागरिकों ने अपनी सहभागिता निभायी है। निकायों के वार्डों में सार्वजनिक स्थलों, धार्मिक स्थलों और चौक-चौराहों की सफाई की गई।

# बिहान, यूनिसेफ व पीसीआई की साझेदारी से महिलाओं के स्वास्थ्य-पोषण में हो रहा सुधार




श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन (बिहान), यूनिसेफ और पी.सी.आई. की साझेदारी में किए जा रहे कार्यों से ग्रामीण क्षेत्रों में भोजन, पोषण, स्वास्थ्य और स्वच्छता के स्तर में सुधार आ रहा है। राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन की संचालक श्रीमती पद्मिनी भोई साहू ने नई दिल्ली में आयोजित राष्ट्रीय कार्यशाला में प्रदेश में इस संबंध में किए जा रहे कार्यों की जानकारी दी। उन्होंने कार्यशाला में मौजूद वर्ल्ड बैंक, बिल एंड मिलिंडा गेट्स फाउंडेशन, वेदांता, टाटा ट्रस्ट, जिंदल एवं एसडब्ल्यू फाउंडेशन को छत्तीसगढ़ आकर एफएनएचडब्ल्यू कार्यों को देखने एवं राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के साथ साझेदारी कर समुदाय के विकास में भागीदारी के लिए आमंत्रित किया। छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन (बिहान) द्वारा प्रदेश की स्वसहायता समूह की महिलाओं की सहभागिता से गर्भवती महिलाओं, दो वर्ष तक के बच्चों व उनकी माताओं, किशोरी बालिकाओं, धात्री माताओं के खाद्य, पोषण, स्वास्थ्य एवं स्वच्छता में सुधार के लिए यूनिसेफ तथा पी.सी.आई. संस्था के साथ फूड, न्यूट्रिशन, हेल्थ एंड वॉश (एफएनएचडब्ल्यू) रणनीति के तहत व्यवहार परिवर्तन एवं जेंडर इंटीग्रेशन पर कार्य किया जा रहा है। बस्तर जिले में 'स्वाभिमान योजना' के नाम से संचालित इन रणनीतियों को 31 जिलों में समर्द्धि बिहान के नाम से विस्तारित किया जा रहा है।

# चयनित हितग्राहियों को गैस कनेक्शन किया जाएगा प्रदाय

श्रीकंचनपथ न्यूज

**मनेंद्रगढ़।** कलेक्टर दुग्गा के निर्देशानुसार मनेंद्रगढ़ जिले में विकसित भारत संकल्प यात्रा के सफल आयोजन हेतु सभी तैयारियाँ पूरी कर ली गई है। कार्यक्रम को सफलतापूर्वक संपन्न करने के लिए जिले के सभी नगरीय निकायों एवं जनपद पंचायतों के लिए नोडल एवं सहायक नोडल अधिकारियों के साथ-साथ प्रभारी एवं सहायक प्रभारी अधिकारियों की नियुक्ति कर दी गई है।

उल्लेखनीय है कि 'विकसित भारत संकल्प यात्रा' के आयोजन के दौरान आम जनता को केंद्र सरकार के महत्वपूर्ण योजनाओं के अंतर्गत आयुष्मान भारत, प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना, किसान क्रेडिट योजना, जल-जीवन मिशन, प्रधानमंत्री जन-धन योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति योजना, अटल पेंशन योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना के आदि योजनाओं की जानकारी आम जनता तक पहुँचाने के अलावा सभी हितग्राहियों को इन योजनाओं से लाभान्वित कराने को प्रयास किया जाएगा। इस तारतम्य में कलेक्टर व जिला दंडाधिकारी नरेंद्रकुमार दुग्गा के मार्गदर्शन में गुरुवार को कलेक्ट्रेट सभा कक्ष में जिला खाद्य अधिकारी संजय ठाकुर ने विकसित भारत संकल्प यात्रा के आयोजन के संबंध में बैठक आहूत की।

उन्होंने बताया कि भारत सरकार द्वारा प्रमुख योजनाओं की संतृप्तीकरण के लिए आउटरीच गतिविधियों के माध्यम से जागरूकता बढ़ाने के लिए विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। जिससे योजनाओं का लाभ लक्षित लाभार्थियों तक समयबद्ध तरीके से पहुंचाया जा सके। भारत सरकार व राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजना एलपीजी कनेक्शन, बुनियादी सुविधाएं प्रदान करने के लिए तथा प्रमुख योजनाओं,लिए आवश्यक सेवाएँ सुलभ बनाने के लिए जागरूकता सुनिश्चित करना होगा।

# सूचना का अधिकार में ई- फाइलिंग सुविधा पर हुई राज्य स्तरीय कार्यशाला

श्रीकंचनपथ न्यूज

रायपुर । सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के तहत ई फाइलिंग सुविधा एवं स्व पंजीयन विषय पर राज्य स्तरीय कार्यशाला का आयोजन आज रायपुर स्थित सर्किट हाउस के ऑडिटोरियम में किया गया। राज्य सूचना आयुक्त मनोज त्रिवेदी, धनवेंद्र जायसवाल, आयोग के सचिव जी आर चुरेंद्र और राज्य शासन की नोडल अधिकारी एवं उप सचिव सामान्य प्रशासन मेरी खेस की उपस्थिति में इस कार्यशाला में राज्य के सभी जिलों के कलेक्टर कार्यालय एवं जिला पंचायत कार्यालय के नोडल अधिकारी उपस्थित हुए।




इस कार्यशाला में छत्तीसगढ़ राज्य सूचना आयोग के अधिकारियों एवं एन आई सी के अधिकारियों के द्वारा ऑनलाइन पोर्टल में स्व- पंजीयन एवं ई फाइलिंग की सुविधा के संबंध में विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई। कार्यशाला में अधिकारियों की शंकाओ का समाधान भी किया गया। एक दिवसीय राज्य स्तरीय इस कार्यशाला में राज्य सूचना आयुक्त मनोज त्रिवेदी ने कहा कि आम जनता एवं जन सूचना अधिकारियों एवं प्रथम अपील अधिकारियों की सुविधा के लिए ई फाइलिंग की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। जन सूचना अधिकारी एवं प्रथम अपीलीय अधिकारियों को वेब पोर्टल में स्व पंजीयन सुनिश्चित करना है। सूचना का अधिकार अधिनियम के कार्यों के क्रियान्वयन में अब डिजिटल कार्य किया जा रहा है। सुप्रीम कोर्ट के आदेश के परिपालन में सभी राज्यों में ई फाइलिंग की सुविधा एवं अन्य कार्य किए जा रहे हैं। छत्तीसगढ़ राज्य में पहले से ही ऑनलाइन पोर्टल की सुविधा शुरू कर दी गई। उन्होंने सभी नोडल अधिकारियों से ई-फाइलिंग की सुविधा को अपने जिले के सभी जन सूचना अधिकारियों और अपीलीय अधिकारियों को अवगत कराते हुए पंजीयन की दिशा में तेजी से काम करने के निर्देश दिए हैं। कार्यशाला में राज सूचना आयुक्त जायसवाल ने नोडल अधिकारियों से कहा कि वे सुनिश्चित कराएं कि जन सूचना अधिकारियों एवं प्रथम अपीलीय अधिकारियों के कार्यालय में उनकी नाम पट्टिका स्पष्ट रूप से प्रदर्शित हो। आरटीआई एक्ट में लापरवाही ना करें और किसी लिपिक के सहारे ना रखें। इस कार्य में जन सूचना अधिकारी व्यक्तिगत तौर पर जिम्मेदार होता है। उन्होंने प्रथम अपील का निराकरण गंभीरता से करने की समझाइए देते हुए कहा कि प्रथम अपीलीय अधिकारी के आदेश का पालन कराने की जिम्मेदारी भी प्रथम अपीलीय अधिकारी की होती है। उन्होंने ग्राम पंचायत में सचिवों के तबादले होने पर दस्तावेज भी नए सचिव को उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं ताकि आरटीआई में आवेदक को भटकना न पड़े। कार्यशाला में राज्य सूचना आयोग के सचिव जी आर चुरेंद्र ने सभी नोडल अधिकारियों से कहा है कि वह इलेक्शन मोड की तरह स्व पंजीयन के कार्य को प्राथमिकता दें। उन्होंने बताया कि सुप्रीम कोर्ट के आदेश के परिपालन में नोडल अधिकारी सभी विभागों में नियुक्त हो रहे हैं।

उन्होंने जिला स्तर पर स्व पंजीयन के कार्य को करने के लिए एन आई सी की मदद लेने कहा है। उन्होंने अधिकारियों से कहा है कि वह आयोग के द्वारा लगाए गए जुर्माने की राशि सरकारी खजाने में जमा करवा कर उसकी भी सूचना भेजना सुनिश्चित किया करें।

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे में संरक्षित ट्रेन परिचालन के लिए उठाए जा रहे है एहतियाती कदम

# सघन पेट्रोलिंग से संरक्षित परिचालन सुनिश्चित यात्रियों को मिल रहा बेहतर यात्रा का अनुभव

श्रीकंचनपथ न्यूज




**रायपुर।** ट्रेनों का संरक्षित परिचालन सुनिश्चित करना रेलवे की पहली प्राथमिकता रही है, और इसके लिए समय-समय पर दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे में अनेक अभियान चलाये जा रहे हैं । इसी कड़ी में ठंड के दिनों में भी सुगम एवं निर्बाध रूप से व्यवधान-मुक्त रेल सेवा प्रदान करने हेतु शीतकालीन पेट्रोलिंग प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष ज़ोरशोर से शुरू की गई है।

सर्दियों के मौसम में आमतौर पर रेल परिचालन बेहद कठिन और चैलेंजिंग हो जाता है। इस दौरान कोहरे के साथ ही रेल फ्रैक्चर की घटनाएं भी काफी दर्ज की जाती हैं। शरीर की हड्डी कंपा देने वाली इस ठंड में रेल लाइन की देखभाल करते हुए रेल यात्रियों की यात्रा को सुरक्षित बनाने में बड़ी जिम्मेदारी ट्रैकमैन की होती है। ये ट्रैकमैन भारतीय रेल के रीढ़ की हड्डी हैं जो सेना के जवान की तरह काम करते हैं । ठंड हो या गर्मी यहां तक कि ख़राब मौसम में भी ये ट्रैकमैन रेलवे ट्रैक पर अपनी ड्यूटी पर तैनात रहते हैं। सर्दियों में रेल लाइनों पर संरक्षा को और अधिक मजबूत बनाने के लिए दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के तीनों रेल मंडलों बिलासपुर, रायपुर एवं नागपुर के सभी रेलखंडों में पेट्रोलिंग कर्मचारियों की तैनाती की गई है। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे में लगभग 921 बीट है। एक बीट 2 किलोमीटर का होता है, जिसमें 02 पेट्रोलिंग कर्मचारी, जो कि ट्रेकमेन, कीमेन होते है प्रतिदिन रात्रि 10 बजे से लेकर प्रात: 06 बजे तक 4 चक्कर लगते है। इस प्रकार प्रत्येक पेट्रोलिंग दल प्रतिदिन 16 किलोमीटर चलकर रेल लाइनों का निरीक्षण करता है। सभी पेट्रोलमैन को जीपीएस ट्रैकर यानी ग्लोबल पोजिशनिंग सिस्टम दिया गया, जिससे पेट्रोलिंग के समय इन पर निगरानी रखी जा सके। इसके अलावा, आपातकालीन स्थिति में इसी ट्रैकर की मदद से मोबाइल फोन द्वारा पेट्रोलमैन से कम्यूनिकेशन किया जा सकता है।

रेलवे का पेट्रोलमैन आपात स्थिति में रेलवे लाइन को सुधारने वाले सभी आवश्यक उपकरणों जो कि लगभग 20 से 25 किलो सामान उठाकर रोजाना 16 से 20 किलोमीटर चलता है। रात के वक्त ट्रैक की पेट्रोलिंग करने वाले कर्मचारियों को एचएसएल लैंप (रात को इंडीकेशन करने वाली लैंप), लाल झंडी, नट बोल्ट कसने के लिए चाबी व पटाखे दिए जाते हैं। रात के वक्त यदि कोई नट बोल्ट अथवा क्लैंप ढीला पाया जाता है तो उसे तुरंत कस दिया जाता है। अगर ट्रैक में कोई दरार पाई जाती है तो पेट्रोलिंग कर्मचारी तुरंत इसकी सूचना देने के साथ लगते स्टेशन के स्टेशन मास्टर को देते है, ताकि समय रहते किसी भी अनहोनी को टाला जा सके।

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे का बिलासपुर-अनुपपुर, रायगढ़-झारसुगुड़ा, अनुपपुर-अम्बिकापुर, चांपा-कोरबा, दुर्ग-गोंदिया, गोंदिया-चांदाफोर्ट, गोंदिया-बालाघाट-जबलपुर, दुर्ग-दल्लीराझरा जैसे अधिकांश सेक्शन अभ्यारण्य क्षेत्र से सटा है और पूरे क्षेत्र में जंगली जानवरों की भरमार है। ऐसे में भी पेट्रोलमैन अंधेरे में जंगली जानवरों के क्षेत्र में अपनी ड्यूटी पूरी ज़िम्मेदारी के साथ निभाता है। विपरीत मौसम में, सर्दी के समय जब रात को कड़ाके की ठंड पड़ती है, ऐसे में भी पेट्रोलमैन अपना कार्य करते हैं, ताकि रेल यात्रियों का सफर संरक्षा के साथ पुरा हो सके।

# फसल बीमा योजना के जागरूकता रथ से किसान होंगे लाभान्वित

श्रीकंचनपथ न्यूज

**कवर्धा।** जिले के किसानों को फसल बीमा योजना का लाभ दिलाने व निर्धारित समय के पूर्व बीमा करने का संदेश देने के लिए उद्यानकी विभाग की ओर से जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। आज फसल बीमा रथ को जिला पंचायत सदस्य रामकुमार भट्ट ने हरी झंडी दिखाकर जिला पंचायत प्रांगण से रवाना किया।

ज्ञात हो की खरीफ वर्ष 2023 एवं रबी 2023-24 के लिए पुनर्गठित मौसम आधारित फसल बीमा योजना के अंतर्गत भारत सरकार के योजना अंतर्गत छत्तीसगढ़ शासन के सहयोग से भारतीय कृषि बीमा कंपनी द्वारा योजना का संचालन किया जा रहा है। जिसमें रबी फसलों का बीमा करने की अंतिम तिथि 31 दिसंबर 2023 निर्धारित की गई है। फसल बीमा योजना अंतर्गत अधिसूचित फसलों में खरीफके अंतर्गत राजस्व निरीक्षक मंडल स्तर पर टमाटर, बैगन, मिर्ची, अदरक, केला, पपीता व अमरूद है। रबी फसल के अंतर्गत राजस्व निरीक्षक मंडल क्षेत्र में टमाटर, बैंगन, फूलगोभी, पत्तागोभी, प्याज एवं आलू सम्मिलित है तथा योजना का संचालन राज्य के सभी 33 जिलों में किया जा रहा है। जिला पंचायत सदस्य रामकुमार भट्ट ने इस कहा कि फसल बीमा जागरूकता रथ से क्षेत्र के किसानों को योजना का लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि जिले के किसानों से इस योजना का लाभ उठाएं और सुरक्षित फसल निश्चित किसान फसल बीमा से सब का समाधान हो सके। उल्लेखनीय है कि फसल बीमा योजना के अंतर्गत ऋण लिए किसानों का फसल बीमा बैंक के माध्यम से होगा एवं सामान्य किसानों का लोक सेवा केंद्र से किया जाएगा। फसल बीमा योजना के संबंध में क्षेत्र के किसान अधिक जानकारी सहायक संचालक उद्यान के जिला कार्यालय से प्राप्त कर सकते हैं। इसके साथ ही विभाग की ओर से संचालित नर्सरी मोहतरा (पंडरिया), खुटू (कवर्धा), सालिया व रणजीतपुर (सहसपुर लोहारा), लालपुर (बोड़ला) से भी जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

मथुरावासी चाट सेंटर
शादी एवं पार्टियों के आर्डर लिए जाते हैं।
9893283525
जैन पान ठेला के सामने आकाश गंगा सुपेला

Jaquar Roca Parryware AJAY FLOWLINE
Shri Vijay Enterprises
Sanitarywares, Tiles, CPVC Pipes & Bathroom Fittings etc.
Supela Market, Bhilai
PH. 0788-4030909, 2295573

CAR DECOR
House Of Exclusive Seat Cover, Car Stereos Matting & Sun Control Film & Other Accessories
Shop No.3 Nafish Tower. Opp. Indian Coffee House, Akashganga, Bhilai
Mo.9300771925, 0788-4030919
K. Satyanarayan

ॐ SAIRAM Mobile Accessories
मोबाईल शॉप में कार्य करने हेतु लड़को की आवश्यकता है
7000415602
Shop No. 78, Himalaya Complex, Supela, Bhilai

ROCKEY INDUSTRIES FURNITURE PALACE
Deals in: (Steel & Wooden) Luxury & Imported Furniture
Akash Ganga, Supela, Bhilai Ph. 2296430

दास गार्मेन्ट्स
जींस, शर्ट, टी-शर्ट, फ्राक सूट, फ्राक, फैंसी सलवार सूट एवं किट्स वियर,अंडर गारमेन्ट्स, गाउन के लेटेस्ट कलेक्शन
एक बार अवश्य पधारें
गणेश मार्केट, गुरुद्वारा, रोड सुपेला, भिलाई, 7828248067

Ashok JEWELLERY
Gifts • Toys • Cosmetics Perfumes • Sia Jewellery
Beside Parakh Jewellers, Akash Ganga, Supela, Bhilai
Hello: 0788-4052727
Mukesh Jain 9009959111
Rishabh Jain 8103831329

## खास खबर



### जिला जेल में बंद विचाराधीन बंदी की मौत, बहू की हत्या के मामले में था बंद

**राजनांदगांव।** हत्या के मामले में राजनांदगांव जिला जेल बंद विचाराधीन बंदी जनक सिन्हा (71) साल की मौत हो गई। कुछ महीनों से वह बीमार चल रहा था। बंदी जनक सिन्हा राजनांदगांव जिले के गैंदाटोला थाना क्षेत्र का रहने वाला था। गुरुवार को तबीयत बिगड़ने पर जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

राजनांदगांव जिला जेल अधीक्षक अक्षय सिंह राजपूत ने बताया कि यह विचाराधीन बंदी था। उन्होंने बताया कि बंदी की लगभग तीन महीने से तबीयत खराब चल रही थी। पूरी तरह से चलने-फिरने में भी असमर्थ था। अचानक आज फिर पल्स डाउन होने की वज जिला अस्पताल ले जाया गया, लेकिन उसे बचाया नहीं जा सका। मामले में अग्रिम कार्रवाई की जा रही है। शव का पोस्टमार्मट कराने के बाद उसे परिजनों को सौंपा जाएगा। जिला जेल अधीक्षक अक्षय सिंह राजपूत ने बताया कि बंदी जनक सिन्हा अपनी बहू की हत्या के मामले में जेल में बंद था। इस कारण मुलाकात करने कोई नहीं आता था। मानसिक रूप से भी बीमार था। चलने-फिरने में भी असमर्थ हो गया था और आज उसकी मौत हो गई।

### ई रिक्शा के चक्के भी ले उड़े चोर

**रायपुर।** चोरी की तीन घटनाओं में चोर ई रिक्शा के पहिए, लैपटॉप और आलमारी से नगदी ले भागे। पुलिस ने मामले दर्ज कर लिए हैं। मौदहापारा पुलिस के मुताबिक मेकाहारा से लगे एसआईएचएफडब्लू ऑफिस से 13 दिसंबर की शाम से 14 के पूर्वान्ह 11.30 बजे के बीच अग्यात चोर डॉ कौशल प्रसाद निराला(57) के कमरे से डेल कंपनी के दो लैपटॉप ले भागे। इनकी कीमत 40 हजार रूपए बताई गई है। न्यू राजेन्द्र नगर पुलिस के मुताबिक चोर महावीर नगर स्थित बालाजी सेल्स के सामने खड़े माल वाहक ई रिक्शा सीजी 04-पीएफ8343 के तीनों चक्के निकाल गए। इनकी कीमत 10 हजार बताई गई।

# दूसरी लड़की से शादी करने के लिए गर्लफ्रेंड की हत्या बैंककर्मी ने कार से कुचला, 9 दिन बाद लिए 7 फेरे

**बलरामपुर (ए)।** बलरामपुर में दूसरी लड़की से शादी करने के लिए एक युवक ने अपनी गर्लफ्रेंड की हत्या कर दी। आरोपी ने प्रेमिका को मिलने के लिए बुलाया और फिर कार से कुचल दिया। इसके बाद दूसरी लड़की से शादी भी कर ली। पुलिस ने इस मामले में आरोपी बैंक कर्मचारी को गिरफ्तार कर लिया है।

जानकारी के मुताबिक, पुलिस को 19 नवंबर को अंबिकापुर-गढ़वा मुख्यमार्ग में बलरामपुर के अंवराझरिया के पास 23 साल की युवती का शव मिला था। युवती की पहचान अंबिकापुर में गांधीनगर क्षेत्र के ग्राम सपना निवासी पूजा देवांगन (23) के रूप में हुई। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट में प्रथम दृष्ट्या पूजा की मौत सड़क हादसे में हुई पता चला।

### प्रेमी से मिलने पहुंची थी युवती

मामला संदिग्ध लगने पर एसपी डॉ. लाल उमेद सिंह ने जांच के निर्देश दिए। जांच के दौरान पता चला कि पूजा का रामानुजगंज के ग्रामीण बैंक में कार्यरत अजीत पाठक से प्रेम संबंध था। घटना वाले दिन भी वह अजीत पाठक से मिलने के लिए गई थी। इस पर पुलिस ने अजीत पाठक को पूछताछ के लिए बुलाया।

### प्रेमी ने बताई बाइक से गिरने की कहानी

अजीत पाठक ने पुलिस को बताया कि पूजा उससे मिलने आई थी। दोनों बलरामपुर में मिले थे। वहां से बाइक पर पूजा को अंवराझरिया की ओर ले गया। लौटते समय पूजा बाइक से गिर गई। इसका पता उसे काफी आगे जाने



पर चला। जब लौटा तो देखा कि सड़क पर भीड़ लगी है और पूजा का शव पड़ा है। इससे वह डर गया और वहां से चला गया।

एएसपी चंद्रेश सिंह ठाकुर ने बताया कि अजीत पाठक के बयान के बाद उसके घर के पास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज निकलवाई। इससे पता चला कि, घटना के पहले वह काले रंग के कार में निकला था और उसी से लौटा। इसके बाद पुलिस ने उसे फिर पूछताछ के लिए तलब किया और मामले का खुलासा हुआ।

### शादी रोकना चाहती थी पूजा

पुलिस पूछताछ में आरोपी अजीत ने बताया कि उसकी शादी 28 नवंबर को परिजनों ने तय कर दी थी। पूजा उससे प्रेम करती थी और वह अजीत की शादी नहीं होने देना चाहती थी। वह घर लाने से भी रोक रही थी। इस पर उसने गाड़ी चढ़ाकर पूजा की जान ले ली। इसके बाद देखने लौटा कि पूजा की मौत हुई है या नहीं।

### शव को एक चालक के साथ मिलकर किया था किनारे

पूजा देवांगन का शव सड़क के किनारे मिला था। पूछताछ में पता चला कि पूजा को मरा हुआ देखकर अजीत ने एक अन्य पिकअप चालक के साथ उसके शव को सड़क किनारे किया। टक्कर मारने के कारण उसकी कार भी क्षतिग्रस्त हो गई थी। वह औरंगाबाद लेकर गया और गाड़ी ठीक कराई।

### प्रेमिका की हत्या के बाद किया विवाह, गिरफ्तार

पूजा की हत्या के बाद आरोपी अजीत ने 28 नवंबर को शादी कर ली। पुलिस को आरोपी के मोबाइल की चैट हिस्ट्री और कॉल हिस्ट्री से पता चला कि आरोपी ने पूजा को खुद बुलाया था। मामले का खुलासा होने पर पुलिस ने आरोपी अजीत (30) निवासी यमुनानगर औरंगाबाद, बिहरार को गिरफ्तार कर लिया।

## जांजगीर-चांपा में अवैध परिवहन व उत्खनन करते 7 वाहन जब्त



**जांजगीर-चांपा (ए)।** कलेक्टर के निर्देशन में खनिज विभाग के उड़नदस्ता दल प्रभारी उत्तम प्रसाद खूंटे, खनिज निरीक्षक द्वारा जिला जॉजगीर चॉपा के शिवरीनारायण, बिर्रा, बम्हनीडीह एवं पीथमपुर क्षेत्र में खनिजो के अवैध परिवहन वाहनो व अवैध भण्डारण करने वाले स्थलो का औचक जॉंच किया गया।

खनिज अधिकारी हेमंत चेरपा ने बताया कि जिले में अवैध परिवहन करने वाले खनिज रेत के 07 प्रकरण (05 ट्रैक्टर, 02 हाईवा) दर्ज किया गया। इस प्रकार जिले में खनिजो के अवैध परिवहन करने वाले 07 वाहनो को जप्त कर अवैध परिवहन का प्रकरण दर्ज किया जाकर खनिज नियमो के तहत कार्यवाही की जाएगी समस्त वाहनो को पुलिस अभिरक्षा मे रखा गया है। कलेक्टर के निर्देशानुसार जिले में खनिज के अवैध उत्खनन, परिवहन, भण्डारण पर प्रभावी नियंत्रण के लिए जिला स्तरीय टास्क फोर्स द्वारा विशेष अभियान चलाकर निरन्तर जांच किया जा रहा है।

अवैध उत्खननकर्ताओं, परिवहनकर्ताओं, भण्डारणकर्ताओ के विरूद्ध छत्तीसगढ़ गौण खनिज नियमावली 2015 के नियम 71 तथा खान व खनिज (विकास एवं विनियमन) अधिनियम 1957 की धारा 21 के तहत दण्डात्मक कार्यवाही की जाएगी।

## कांकेर में आईईडी ब्लास्ट: बीएसएफ का एक जवान शहीद, दो दिन में दो जवानों की शहादत

श्रीकंचनपथ न्यूज

**कांकेर।** छत्तीसगढ़ में नक्सलियों का उत्पात बढ़ता जा रहा है। बुधवार को नारायणपुर में आईईडी ब्लास्ट में एक जवान की शहादत के बाद गुरुवार को भी नक्सलियों ने आईईडी ब्लास्ट किया। इस ब्लास्ट में बीएसएफ का एक जवान शहीद हो गया है। बताया जा रहा है कि प्रतापपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत महला के जंगलों में बीएसएफ के जवान सर्चिंग में निकले हुए थे, तभी नक्सलियों ने आईईडी ब्लास्ट कर दिया। इस दौरान 47वीं बटालियन में तैनात बीएसएफ के जवान खिलेश्वर राय गंभीर रूप से घायल हो गए। इलाज के उन्हें सिविल अस्पताल



पहुंचाया गया है, जहां उन्होंने दम तोड़ दिया।

मिली जानकारी के अनुसार गुरुवार को महला के जंगलों में बीएसएफ के जवान सर्चिंग में निकले हुए थे, तभी नक्सलियों ने आईईडी ब्लास्ट कर दिया। जैसे ही ब्लास्ट हुआ सभी जवानों ने अपना मोर्चा संभाल लिया, लेकिन इस दौरान एक जवान खिलेश्वर राय गंभीर रूप से घायल हो गए। माहौल शांत होने के बाद जवानों ने घायल जवान खिलेश्वर राय को बेहतर उपचार के लिए सिविल अस्पताल पखांजुर पहुंचाया। इलाज के दौरान जवान ने दम तोड़ दिया। घटना के बाद इलाके में सर्चिंग बढ़ा दी गई और घटनास्थल के आसपास सर्चिंग तेज कर दी गई है।

### एक दिन पहले आमदई माइंस में हुआ था ब्लास्ट

एक दिन पहले बुधवार को नारायणपुर के आमदई माइंस की सुरक्षा में लगे जवानों को नक्सलियों ने एक बार फिर अपना निशाना बनाया था। आईईडी ब्लास्ट में एक जवान बलिदान और एक जवान घायल हो गया था। माइंस में जगह-जगह आईईडी लगाने की नक्सलियों ने भी चेतावनी दी थी। इससे पहले आईईडी ब्लास्ट में दो मजदूरों की मौत भी हो गई थी।

## अंतरजिला चोर गिरोह पकड़ाया: चोरी का ट्रेलर काट कर बेच देता था रायपुर का कबाड़ी, 6 गिरफ्तार

**कोरबा (ए)।** जिले में लगातार हो रही ट्रेलर चोरी की घटना से पुलिस की नींद उड़ गई थी। मामले में जांच के बाद आखिरकार पुलिस ने चार आरोपी व दो खरीदार को पकड़ने में सफलता हासिल की। अंतरजिला इस गिरोह ने जिले से चार वाहन की चोरी करना स्वीकार किया। आरोपियों से पुलिस ने एक देशी कट्टा, बोलेरो व बाइक भी बरामद किया है।



ट्रांसपोर्ट नगर में महिंद्रा शोरूम के सामने से छह दिसंबर की रात ट्रेलर क्रमांक सीजी 12 एस 1305 की चोरी किसी अज्ञात चोर ने कर लिया। मामले की रिपोर्ट मोहम्मद मंसूर अंसारी ने पुलिस में दर्ज कराई थी। रिपोर्ट पर पुलिस ने धारा 379 के तहत मामला पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया था। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा ने बताया कि लगातार ट्रेलर चोरी होने से ऐसा लगने लगा था कि कोई चोर गिरोह इस घटना को सुनियोजित तरीके से अंजाम दे रहा है। इसलिए आरोपियों को पकड़ने चौकी प्रभारी सीएसईबी उप निरीक्षक नवीन पटेल व सायबर सेल प्रभारी सहायक उपनिरीक्षक अजय सोनवानी व साइबर सेल कोरबा टीम को निर्देश दिया गया था।

टीम ने घटनास्थल का अवलोकन कर आस पास में लगे सीसीटीवी कैमरों को खंगाला और संदिग्धों की जानकारी ली। संदिग्धों की जानकारी मिलने पर साइबर सेल टीम के सहयोग से संदिग्ध आरोपियों की पतासाजी की गई। इसके साथ ही मुख्य आरोपी भोलेष पाल 25 साल निवासी हास्पिटल रोड दर्राखांचा थाना हरदीबाजार, उसके साथी विनोद कुमार आदित्य 35 साल साल कहरापारा बलौदा थाना बलौदा जिला जांजगीर-चांपा, संदीप कुमार राय 28 साल निवासी बाजारपारा बलौदा थाना बलौदा एवं किर्ती कुमार शर्मा उर्फ यश 28 साल निवासी खिसोरा थाना बलौदा हाल मुकाम वार्ड नंबर 52 अशोकनगर थाना सरकंडा जिला बिलासपुर को हिरासत में लिया और पूछताछ की।

टालमटोल के बाद आरोपियों ने ट्रेलर चोरी करने की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि टीपी नगर कोरबा से ट्रेलर कमांक सीजी 12 एस 1837 को 22 फरवरी 2023 एवं ट्रेलर कमांक सीजी 12 एस 1305 को तीन दिसंबर 2023 को स्याहीमुड़ी, दर्री से 13 फरवरी 23 को ट्रेलर क्रमांक सीजी 22 ए सी 6619 व एसीबी कोलवासरी के सामने दीपका से 26 नवंबर को ट्रेलर कमांक सीजी 12 एस 6013 को चोरी किया। उक्त सभी वाहन को गाजी खान तथा रासीद खान उर्फ बाबू निवासी सरोरा बस्ती उरला जिला रायपुर के पास बिक्री करना बताया। इसके आधार पर वाहन खरीददार गाजी खान 44 साल निवासी नयापारा फूल चौक वार्ड नंबर 49 थाना गोलबाजार जिला रायपुर व रासिद खान उर्फ बाबू 51 साल निवासी गाजीनगर बीरगांव वार्ड क्रमांक 30 रायपुर थाना उरला जिला रायपुर को पकड़ा। दोनों ने पूछताछ में आरोपियों से चार ट्रेलर वाहन क्रय करना स्वीकार किया।

उन्होंने बताया कि सभी ट्रेलर वाहन को छोटे-छोटे टुकड़ों में काटकर अपने परिचित एक अन्य कबाड़ व्यवसायी के पास बिक्री कर दिए हैं। मामले में पुलिस ने आरोपियों से सात मोबाईल फोन, एक नग देशी कट्टा, नगदी रकम 50 हजार रुपये, दो बाइक, एक बोलेरो वाहन तथा प्रार्थी मंसूर अंसारी के वाहन कुछ पार्ट्स बरामद कर जब्त किया। सभी आरोपियों के विरूद्ध धारा 379,120 (बी), 201, 34, 411, 413 तथा 25 आर्म्स एक्ट के तहत न्यायिक रिमांड पर कोरबा न्यायालय में प्रस्तुत कर जेल भेज दिया। वर्मा ने बताया कि पुलिस थाना दर्री एवं दीपका को वैधानिक कार्यवाही करने कहा गया है। साथ ही एक अन्य वाहन खरीदार की पतासाजी की जा रही है, जिसे जल्द ही प्रकरण में गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## ससुराल जाने निकला था युवक, तेज रफ्तार पिकअप ने मारी टक्कर, मौत

**बलौदा बाजार (ए)।** ससुराल जा रहे बाइक सवार एक युवक को तेज रफ्तार पिकअप ने टक्कर मार दी। हादसे में वह गंभीर रूप से घायल हो गया और मौके पर ही उसकी मौत हो गई। घटना गुरुवार को सुबह बिल्हा थाना क्षेत्र में हुई।

ग्राम बिटकुली निवासी भारत पिता परमेश्वर यादव (25) बाइक सीजी 28 एच 8528 पर सुबह अपने घर से ससुराल ग्राम गोरधा, थाना कसडोल जिला बलौदा बाजार जाने के लिए निकला था। करीब 10 बजे वह ग्राम बरतोरी के पास पहुंचा था। इसी दौरान सामने से आ रही तेज रफ्तार पिकअप सीजी 10 एडी 7377 ने उसे टक्कर मार दी। हादसे में उसके सिर, ढाड़ी, मुंह, सीना, हाथ व दोनों पैर में चोट लगी। वह गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे डायल 108 की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिल्हा लाया गया। यहां डॉक्टर ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने पर उसका छोटा भाई लक्ष्मण यादव (20) अस्पताल पहुंचा। इसके बाद थाने पहुंचकर घटना की रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस ने आरोपी वाहन चालक के खिलाफ धारा 304 ए के तहत जुर्म दर्ज किया है।


**कार्यालय जिला एवं सत्र न्यायाधीश, बेमेतरा (छ.ग.)**

**निविदा की संक्षिप्त सूचना**

निविदा विज्ञप्ति क्रं. 1896/2023 — बेमेतरा, दिनांक 12/12/2023

जिला एवं सत्र न्यायाधीश, बेमेतरा (छ.ग.) के जिला मुख्यालय एवं बाह्य न्यायालय साजा के न्यायालय कक्षों एवं न्यायाधीश के विश्राम कक्षों में संस्थापन हेतु मेक-ब्लू स्टार / वोल्टास / टायकिंग / एल.जी. / सेमसंग या अन्य प्रतिष्ठित कंपनियों के निर्माताओं / अधिकृत विक्रेताओं / अधिकृत प्रतिनिधि से 2.0 टन क्षमता 5 स्टार कॉपर क्वाईलिग, इंस्टालेशन सहित 5 नग ए.सी. तथा 1.5 क्षमता 5 स्टार कॉपर क्वाईलिंग, इंस्टालेशन सहित 02 नग ए.सी. क्रय किया जाना है।

उक्त निविदा की सूचना एवं शर्तें जिला न्यायालय बेमेतरा के वेब साईट https:/districts.ecourts.gov.in/bemetara में अपलोड की गई है। उपरोक्त निविदा की शर्तों के अनुसार निविदा प्राप्त कनरे की अंतिम तिथि दिनांक 02/01/2024 के शाम 04.00 बजे तक नियत की गई है।

स्थान - बेमेतरा
दिनांक - 12/12/2023

अध्यक्ष
क्रय समिति
कार्या. जिला एवं सत्र न्यायाधीश
बेमेतरा ( छ.ग. )

जी-06353/1



**कार्यालय कार्यपालन अभियंता, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खंड राजेन्द्र पार्क चौक, दुर्ग (छ.ग.)**

दूरभाष क्र. 0778-2323633, E-mail : eedurg-phe-cg@gov.in

//ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना (द्वितीय आमंत्रण)//

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल की ओर से लोक निर्माण विभाग छ.ग. शासन में एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत "डी एवं उच्च" श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से प्रपत्र "ए" में प्रतिशत दर पर दुर्ग जिले के विकासखंड धमधा के निम्नलिखित ग्राम में जल जीवन मिशन अंतर्गत रेट्रोफिटिंग नलजल प्रदाय योजना में विभिन्न कार्य हेतु ऑनलाईन (online) निविदा आमंत्रित की जाती है :-

| क्रमांक | नि.सू.क्र. /दिनांक | सिस्टम क्र. | विकासखंड | ग्राम का नाम | अनुमानित लागत (रू. लाख में) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 12/ 11.12.2023 | 149940 | धमधा | बोरसी | 42.33 |
| 2 | 13/ 11.12.2023 | 149941 | धमधा | महाराजपुर | 37.91 |

नोट :- उपरोक्त कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेबपोर्टल http://eproc.cgstate.gov.in दिनांक 18.12.2023 से देखे जा सकते है तथा बिड सबमिशन की अंतिम तिथि दिनांक 02.01.2024 है।

कार्यपालन अभियंता
लोक स्वास्थ्य यंत्रिकी खण्ड,
दुर्ग (छ.ग.)

जी-06367/2



सेक्टर-6 एंव रिसाली के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:- 9303289950, 9827806026, 8962815243

दुल्हन बैंगल्स & फैंसी
RUPESH KUMAR Mob.-9840760388 7987759030
Specialist : Wedding mix match bangles, Glass bangle, Plastic bangle. Saree pin, Bindi, Rubber Band. Bracelet, Butter Fly, Ear ring and many more
कृष्णा टाकिज रोड, रिसाली, भिलाई
जलाराम मिष्ठान के सामने, इंदिरा मार्केट, स्टेशन रोड, दुर्ग (छ.ग.)

Galaxy Granite
WholeSaler & Retailer
रायपुर से कम दामों में
All Type Of Tiles : Wall Tiles, Floor Tiles, Granite Sanitary & Null Fitting
सभी प्रकार के टाईल्स और ग्रेनाईट मिलने का एक मात्र स्थान कोई भी टाईल्स लेने से पहले एक बार अवश्य पधारे...
Raja Steel Traders, Krishna Talkies, Road, Side of ZEE Maha Sale, Risali, Bhilai - 490006
K.K. Soni - 77479-88643, 9109509095

भिलाई मसाला उद्योग
शुद्ध कुटे हुए मसाले,पापड़, अचार, बड़ी, जड़ी-बूटी, जचकी का सामान इत्यादि
128, ए- मार्केट, सेक्टर-6, भिलाई, फोन. 2284508, मो. 9826137766

राकेश ट्रेडर्स
विगत 6 वर्षो से यह दुकान पानी टंकी के सामने स्थानांतरित हो गई है।
Dealers
Marbles, Grinight, Black Stone, Nano & Double Charge Verified Tiles Digital Wall & Floor Tiles Cement Coloru etc.
रायपुर रेट पर माल उपलब्ध
Rakesh Sahu 9302443750, 9907127357
Krishna Talkies Road, Beside Hariom Furniture, Risali, Bhilai - 490006

भिलाई की सबसे बड़ी चुड़ी की दुकान
निखार बैंगल
मो.- 9826186026
Shop-47, 'A' Market, Sec-6, Bhilai Nagar, Distt., Durg (C.G.)

भारतीय बैग हाउस
फैंसी स्ट्राली, स्कूल बैग, ऑफिस बैग, सफर बैग, लेपटॉप बैग, फैंसी छतरी, रेनकोट इत्यादि के विक्रेता
VIP happy journey
AMERICAN TOURISTER
कृष्णा टाकीज रोड, बैंक ऑफ बडौदा के बाजू में रिसाली भिलाई, संजय गुप्ता: 93003-77572

## विधायक रिकेश सेन के निर्देश बाद भिलाई निगम की टीम ने हटाए अवैध कब्जे

# खुले में मांस-मछली की दुकानें लगाने वालों पर बड़ी कार्रवाई जुनवानी, कोहका व सुभाष चौक से हटाई गई दुकानें

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई। वैशाली नगर विधानसभा क्षेत्र में खुले अवैध रूप से मांस, मटन, मछली बेचने वालों पर गुरुवार को बड़ी कार्रवाई की गई। क्षेत्र के विधायक रिकेश सेन के निर्देश पर निगम की टीम ने कार्रवाई कर सड़क किनारे बांस-बल्ली व टीन शेड बनाकर चिकन-मटन व मछली की दुकानों पर बुलडोजर चला।**




गुरुवार को उक्त कार्रवाई देर शाम तक चली। इस दौरान दुकान संचालकों द्वारा निगम के अफसरों से बड़ी मिन्नते की गई लेकिन अवैध कब्जों को हटाने में निगम ने किसी प्रकार की दया नहीं दिखाई। देखते ही देखते पूरे कब्जे खाली हो गए।

वैशाली नगर विधानसभा के विधायक रिकेश सेन के निर्देश पर गुरुवार को निगम तोड़फोड़ दस्ते ने जुनवानी, कोहका, मॉल चौक पर करते हुए कोहका की दुकानों को हटाया। इसके बाद निगम की टीम सुभाष चौक कैंप-2 के पास पहुंची।

यहां के मांस मटन व्यापारियों ने अपने व्यापार को स्वयं से हटाने के लिए समय मांगा। चुंकी पूर्व में निगम ने इन सभी व्यापारियों को नोटिस दिया था और समय सीमा में इन दुकानदारों ने अपनी दुकानों को नही हटाया। इसके कारण गुरुवार को निगम की टीम ने कार्रवाई की।

जेसीबी की मदद से पूरे कब्जों को तोड़ा गया। इस दौरान मौके पर दुकानदारों व आसपास के लोगों की काफी भीड़ जमा हो गई थी। कार्रवाई के दौरान कार्यपालिक मजिस्ट्रेट अविनाश चौहान, एसीपी अनंत साहू, सीएसपी छावनी आशीष बंछोर, सीपी तिवारी, सहायक राजस्व अधिकारी अनिल मेश्राम, बाल कृष्ण नायडू, जेपी तिवारी, एमएस सोरी, अनिल मिश्रा, हरिओम गुप्ता केशव सोनारे, अंजनी सिंह कन्हैया यादव सहित तोडफोड दस्त निगम के अधिकारी उपस्थित रहे।

### निगम कार्यालय में हुई थी बैठक

इससे पहले सुभाष चौक के व्यापारियों के साथ निगम सभागार में अपर आयुक्त अशोक द्विवेदी, सीएसपी अशीष कुमार बंछोर, छावनी थाना टीआई सोनम ग्वाला की उपस्थिति में बैठक हुई। बैठक में व्यापारियों ने अपना पक्ष रखते हुए कहा कि केम्प-1 के सुभाष चैंक में वे पिछले कई वर्षो से व्यापार करते आ रहे हैं। व्यापारियों ने निगम से अपने लिए उपयुक्त स्थल की मांग की। व्यापारियों की मांग पर अपर आयुक्त ने कहा की खुले में मांस मटन का विक्रय प्रतिबंधित किया जा रहा है। अन्य स्थान के लिए जोन दो, जोन तीन एवं योजना विभाग की संयुक्त टीम मौका मुवायना कर स्थिति स्पष्ट की जाएगी।

## खास - खबर

### बोरसी प्रगति मैदान में विकसित भारत संकल्प यात्रा का शुभारंभ

**दुर्ग।** नगर पालिक निगम सीमा क्षेत अंतर्गत विकसित भारत संकल्प यात्रा के लिए निगम प्रशासन द्वारा तैयारी कर ली गई है। कल 15 दिसम्बर दिन शुक्रवार को दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक बोरसी प्रगति मैदान में किया जाएगा।केम्प 1 में स्वास्थ्य जांच शिविर,आधार कार्ड का अपडेशन किया जाएगा,आयुष्मान कार्ड बनाया जाएगा के अलावा प्रधानमंत्री आवास के लिए आवेदन सहित अन्य कार्य किया जाएगा।विकसित भारत संकल्प यात्रा के लिए तैयारी पूरी कर ली गई है।भारत सरकार द्वारा प्रमुख योजनाओं की संतृप्तीकरण के लिए आउटरीच गतिविधियों के माध्यम से जागरूकता बढ़ाने एवं योजना के लाभार्थियों से सीधा संवाद स्थापित करने वार्डों में केंद्रीय योजनाओं का प्रचार-प्रसार कर लोगो से चर्चा किया जाएगा।शिविर कार्यक्रम स्थल का आयुक्त लोकेश चन्द्राकर द्वारा निरीक्षण कर तैयारी के संबंध में जानकारी नोडल अधिकारी व संबंधित अधिकारी से लिये।

### धान खरीदी केन्द्र व शासकीय उचित मूल्य दुकान का किया निरीक्षण

**दुर्ग।** कलेक्टर एवं एसडीएम के निर्देशन में अतिरिक्त तहसीलदार प्रफुल्ल गुप्ता ने विगत 13 दिसम्बर को दुर्ग तहसील के धान खरीदी केन्द्र व शासकीय उचित मूल्य दुकान थनौद का आकस्मिक निरीक्षण कर किसानों एवं हितग्राहियों से चर्चा की गई। धान खरीदी केंद्र में 30 किसानों से 1695.20 क्विंटल धान खरीदी की गई है। निरीक्षण में मापक यंत्र से धान की नमी की जांच एवं तौलाई भी करवाया गया। साथ ही किसानों से चर्चा भी की गई। समिति प्रबंधक ने बताया की नियमित रूप से धान का उठाव जारी है। किसानों को भुगतान भी की जा रही है। समिति प्रबंधक एवं नोडल अधिकारी को प्रति सप्ताह स्टॉक सत्यापन कराए जाने हेतु कहा गया। शासकीय उचित मूल्य दुकान में उपस्थित हितग्राहियों ने नियमित रूप से राशन मिलना संतोषजनक बताया।

### वाघेला दम्पति ने लिया देहदान का निर्णय

**भिलाई।** गुजरात ग्लास के संचालक हेमराज भाई वाघेला एवं उनकी पत्नी श्रीमती वनिता वाघेला ने अपने देहदान की घोषणा कर वसीयत नवदृष्टि फाउंडेशन के राज आढ़तिया,मंगल अग्रवाल,कुलवंत भाटिया,रितेश जैन,दयाराम भाई टांक को सौंपी,श्री हेमराज के पुत्र कृष्णा वाघेला,पुत्री तरुणा सोलंकी व् वधु शीतल वाघेला ने देहदान हेतु सहमति दी। देहदान की घोषणा करते हुए हेमराज भाई वाघेला ने कहा वह चाहते हैं उनके जाने के बाद उनकी व उनकी पत्नी की आँखों से दो लोगों को नई रौशनी मिले व भविष्य के डॉक्टरों को रिसर्च हेतु मृत देह- केडेवर मिले तो हम पति पत्नी का जीवन सार्थक होगा और आज नवदृष्टि फाउंडेशन के सहयोग से हमारी इच्छा पूर्ण हुई। दयाराम टाँक ने कहा वाघेला परिवार समाज का प्रतिष्ठित परिवार है अत: वाघेला दम्पति के देहदान का निर्णय समाज के लिए प्रेरणा बनेगा एवं लोग देहदान हेतु जागरूक होंगे। नवदृष्टि फाउंडेशन के जितेंद्र हासवानी ने कहा हमारी संस्था लगातार लोगों को जागरूक करने का प्रयास कर रही है जिसके सकारात्मक परिणाम आ रहे हैं व लोगों की देहदान व नेत्रदान के प्रति सोच बदली है।

# बीएसपी द्वारा सेल विजन कार्यशाला का आयोजन

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र के मानव संसाधन विकास विभाग एवं एडमिनिस्ट्रेटिव स्टाफ कॉलेज ऑफ इंडिया (एएससीआई), हैदराबाद के संयुक्त तत्वाधान में, सेल विजन पर पुनरावलोकन हेतु कार्यशालाओं की श्रृंखला में 14 दिसंबर, 2023 को भिलाई निवास में पहली कार्यशाला का आयोजन किया गया था। जिसका उद्घाटन मुख्य अतिथि, निदेशक प्रभारी अनिर्बान दासगुप्ता द्वारा किया गया। सेल की विभिन्न इकाइयों में विभिन्न स्तरों पर कार्यशालाओं की इस श्रृंखला हेतु सलाहकार के रूप में कार्य करनेके लिए, स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड ने, एडमिनिस्ट्रेटिव स्टाफ कॉलेज ऑफ इंडिया (एएससीआई), हैदराबाद को नियुक्त किया है। सेल की सभी इकाइयों में बीएसपी इस सेल विजन वर्कशॉप का संचालन करने वाली पहली इकाई है।

इस अवसर पर कार्यपालक निदेशक (वर्क्स) अंजनी कुमार, कार्यपालक निदेशक (प्रोजेक्ट्स) एस मुखोपाध्याय, कार्यपालक निदेशक (सामग्री प्रबंधन) अजय कुमार चक्रबर्ती, कार्यपालक निदेशक (वित्त एवं लेखा) डॉ अशोक कुमार पंडा, कार्यपालक निदेशक (कार्मिक एवं प्रशासन) पवन कुमार, कार्यपालक निदेशक (माइंस)बी के गिरी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी प्रभारी (चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवांए) डॉ एम रविन्द्रनाथ सहित मुख्य महाप्रबंधक (एचआरडी, एमटीआई-रांची) संजय धर, निदेशक (एएससीआई) डॉ. निर्मल्य बागची, सलाहकार (एएससीआई) प्रोफेसर विलास शाह और असिस्टेंट प्रोफेसर (एएससीआई) डॉ. कर्णक रॉय विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित थे। साथ ही बीएसपी के मुख्य महाप्रबंधक प्रभारी, मुख्य महाप्रबंधक, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, महाप्रबंधक, अन्य वरिष्ठ अधिकारी और एएससीआई, हैदराबाद के संकाय सदस्य उपस्थित थे। एडमिनिस्ट्रेटिव स्टाफ कॉलेज ऑफ इंडिया (एएससीआई), हैदराबाद की सहायता से आयोजित इस सेल विजन वर्कशॉप में, एसआरयू-भिलाई, सीएफ्पी, आरडीसीआईएस, सीईटी, सीएमओ सहित बीएसपी के विभागों और सेल की अन्य इकाइयों का प्रतिनिधित्व करने वाले लगभग 100 अधिकारियों और कर्मचारियों ने भाग लिया। अनिर्बान दासगुप्ता ने अपने संबोधन में कहा, कि हमारे संगठन का विजन स्टेटमेंट 2002-03 में तैयार किए जाने के बाद से लगभग दो दशक बीत चुके हैं और अब हमारे लिए अपने विजन स्टेटमेंट को फिर से तैयार करने का उपयुक्त समय है। नि:संदेह, इन वर्षों के दौरान कठिन चुनौतियाँ और परिवर्तन हमारे सामने आए हैं, जैसे- पर्यावरणीय समस्याएँ, उससे संबंधित कानून और बदलते दिशानिर्देश आदि। हमें अपनी विजन को एक बार फिर से इस तरह परिभाषित करना चाहिए कि इन चुनौतियों के बावजूद, संगठन अपने लक्ष्य से भटकने ना पाए।




अनिर्बान दासगुप्ता ने कहा कि आज यहाँ इन युवा कर्मचारियों की उपस्थिति और भागीदारी महत्वपूर्ण है, जो आने वाले बीस वर्षों में इस संगठन का नेतृत्व करेंगे, विशेष रूप से जब हमारा देश 2047 में अपनी आजादी के सौ साल पूरे करके 'अमृतकाल' में प्रवेश करेगा। हमें अपने विजन स्टेटमेंट को इस तरह से दोबारा तैयार करना चाहिए, कि इतिहास हमें इस सदी में स्टील विनिर्माण उद्योग में एक उत्कृष्ट कंपनी के रूप में याद रखे। प्रारंभ में, मुख्य महाप्रबंधक श्रीमती निशा सोनी ने स्वागत भाषण दिया।

# डिप्टी सीएम साव से मिले दीपक ताराचंद साहू और दया सिंह, गुलदस्ता भेंटकर दी बधाई



श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** छत्तीसगढ़ के उप मुख्यमंत्री अरूण साव से नगर निगम भिलाई के उप नेता प्रतिपक्ष दया सिंह और हस्तशिल्प कला बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष दीपक ताराचंद साहू ने मुलाकात की। इस मुलाकात में गुलदस्ता देकर बधाई दी। दया और दीपक ने डिप्टी सीएम साव से कई विषयों पर चर्चा की। इस दौरान दोनों नेताओं ने उन्हें भिलाई आने का न्यौता दिया।

दया सिंह ने बताया कि बाबा की बारात में अरुण साव जी हर वर्ष आते रहे हैं। बाबा भोलेनाथ का आशीर्वाद डिप्टी सीएम अरुण साव जी को मिलते रहा है। इस बार भी चुनावी मैदान में उतरे और उन्हें जीत मिली। दया ने कहा कि, छत्तीसगढ़ में भाजपा की सरकार आ गई है। अब विकास को रफ्तार भी मिलने वाली है।

# विशेष ग्राम सभा की बैठक का आयोजन 19 को

श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग।** भारत सरकार पंचायती राज मंत्रालय द्वारा वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिये जिला पंचायत, जनपद पंचायत एवं ग्राम पंचायत विकास योजना निर्माण हेतु जन योजना अभियान 2023-24 का आयोजन किया जा रहा है। 02 अक्टूबर 2023 से 31 मार्च 2024 तक अभियान के दौरान जिला पंचायत/जनपद पंचायत/ग्राम पंचायत में क्रमश: सामान्य सभा व ग्राम सभा का आयोजन कर वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिये कार्ययोजना का निर्माण किया जाना है।

ग्राम पंचायत विकास योजना निर्माण हेतु ग्राम सभा का आयोजन 19 दिसम्बर 2023 को सभी ग्राम पंचायतों में किया जाएगा। प्राप्त जानकारी के अनुसार उक्त विशेष ग्राम सभा में कई कार्यसूचियां सम्मिलित है। जिसके अंतर्गत जीपीडीपी निर्माण हेतु एलएसडीजी की 09 थीमों में से कम से कम 01 थीम पर संकल्प लिया जाकर वाइब्रैंट ग्राम सभा पोर्टल में उसकी एण्ट्री करना अनिवार्य है। ग्राम सभा की बैठक में लाईन विभाग से संबंधित अधिकारी/कर्मचारी द्वारा अपने-अपने विभाग की योजनाओं की जानकारी प्रस्तुत कर प्रारुप जीपीडीपी में समस्त विभाग की योजनाओं के साथ-साथ लो कॉस्ट-नो कॉस्ट गतिविधियों को भी सम्मिलित किया जाएगा। इसके अलावा ग्राम सभा की बैठक में अतिरिक्त कार्यसूची के रूप में स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत भी कई बिन्दु सम्मिलित है। जिसके अंतर्गत ग्राम पंचायत में आने वाले ग्रामों में शौचालय विहीन परिवार का चिन्हांकन एवं उनकी गोबरधन योजना अन्तर्गत स्थापित बायोगैस संयंत्रों के समुचित उपयोग एवं संधारण हेतु जिम्मेदारी का निर्धारण करना है।

# एसएमएस-3 में सुरक्षा सप्ताह का भव्य आयोजन

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र का स्टील मेल्टिंग शॉप-3 दिनांक 11 से 16 दिसम्बर 2023 तक सुरक्षा सप्ताह मना रहा है। तकनीकी सह सुरक्षा स्टॉल का उद्घाटन 14 दिसंबर, 2023 को कार्यपालक निदेषक (प्रोजेक्ट्स) एस मुखोपाध्याय ने किया। कार्यपालक निदेषक (प्रोजेक्ट्स) मुखोपाध्याय ने सभी स्टॉलों का निरीक्षण कर उनके उत्कृष्ट प्रयासों की सराहना की। एसएमएस-3 टीम एवं अन्य श्रमिकों द्वारा दिखाया गया उत्साह प्रषंसनीय है और टीम को इसी तरह काम करना जारी रखना चाहिए। उन्होंने सभी से आग्रह किया कि उत्पादन में शून्य दुर्घटना के लक्ष्य को लेकर कार्य निष्पादित करें।



इस सुरक्षा सप्ताह के तहत विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है जिसके अंतर्गत बेस्ट आउट ऑफ वेस्ट (बीओडब्ल्यू) और तकनीकी सह सुरक्षा स्टॉल में विभिन्न विभागों के कर्मचारी एवं सहयोगी कंपनियां जैसे सीमेनस, प्रोटेक्टिव, जी आर एंटरप्राइज, केएमसी, वैक्स, वसुवीएस एवं लॉयड्स ने भाग लिया। मेसर्स केएमसी, मेसर्स प्रोटेक्टिव जनरल इंजीनियरिंग लिमिटेड और मेसर्स सीमेंस के स्टॉल को क्रमश: प्रथम, द्वितीय और तृतीय पुरस्कार प्रदान किया गया। विजेताओं को ईडी (प्रोजेक्ट्स) द्वारा सम्मानित किया गया। बेस्ट आउट ऑफ वेस्ट (बीओडब्ल्यू) प्रतियोगिता में बीएसपी कार्मिकों और ठेका श्रमिकों द्वारा 54 प्रविष्टियां प्राप्त हुई। एसएमएस-3 में कार्यरत एसोसिएट कंपनियां जैसे, मैसर्स सीमेंस, मैसर्स केएमसी, मैसर्स प्रोटेक्टिव जनरल इंजीनियरिंग, मैसर्स जीआर एंटरप्राइजेज, मैसर्स वीईएक्स इंजीनियरिंग, मैसर्स लॉयड्स, मैसर्स वेसुवियस आदि के कार्मिकों ने प्रतियोगिता में भाग लिया। उनके द्वारा लगाए गए स्टालों ने सुरक्षित कामकाज के लिए संयंत्र में उपयोग किए जा रहे उनके उत्पादों पर प्रकाश डाला और प्रत्येक स्टाल ने सुरक्षित और प्रभावी कामकाज के लिए अपने श्रमिकों को प्रशिक्षित करने के लिए अपनी-अपनी अनूठी विधि दिखाई।

# नगर निगम एवं राजस्व विभाग द्वारा संयुक्त कार्रवाही कर कचहरी क्षेत्र से 25 ठेलों को हटवाया

श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग।** नगर पालिक निगम सीमा क्षेत्र अंतर्गत कलेक्टर पुष्पेंद्र मीणा के आदेश एवं आयुक्त लोकेश चन्द्राकर के निर्देश पर पटेल चौक से कचहरी चौक एवं तहसील कार्यालय के अजेस पास सड़क क्षेत्र में अवैध कब्जो के खिलाफ अभियान और तेज हो गया है। गुरुवार को ताबड़तोड़ कार्रवाई पटेल चौक से कचहरी क्षेत्र में की गई। नगर निगम तोड़ूदस्ता व राजस्व विभाग की संयुक्त कार्रवाही अभियान चलाया गया।

मौके पर दुर्ग थाना पुलिस बल के मौजूदगी में तोड़ूदस्ता ने सड़क आवागमन बाधित ठेलों में विक्रय करने वालों पर भी कार्रवाई की और दुकानदारों द्वारा टीन शेड को हटवाया। जिस पर निगम के तोड़ूदस्ता ने सख्ती से कार्रवाई की। अतिक्रमण की कार्रवाही के दौरान अधिकारी दुर्गेश गुप्ता तहसीलदार प्रफुल्ल कुमार की उपस्थिति में जेसीबी से ध्वस्त कर दिया। मजार के सामने ठेलों के ऊपर लगे लम्बे समय से लगे प्रचार-प्रसार के बोर्ड को हटाया गया। कहहरी चौक क्षेत्र रोड पर विक्रय के लिए खड़े ठेकों को किनारे तरफ करवाया गया। प्रचार प्रसार का बोर्ड डालकर सड़क में आवागमन में बाधा कर उत्पन्न करने वाले लगभग 20 से अधिक अवैध सामग्री रास्ते से हटाया कर जब्त किया गया। कार्रवाई के दौरान नवाब तहसीलदार सुश्री ज्योत्सना कलिहारी ,अविनाश चौहान, प्रकाश सिंह ठाकुर,सब इंस्पेक्टर पहारे, जायसवाल, सहायक बाजार अधिकारी थानसिंह यादव, सहायक अतिक्रमण अधिकारी चंदन मनहरे,राजू बक्शी,शशिकांत यादव,ईश्वर वर्मा के अलावा दुर्ग थाना पुलिस बल उपस्थित थे। सड़क किनारे बाधा उत्पन्न हो रही थी, साथ ही चौक- चौराहों के किनारे ठेला, फल और सब्जी बेचने वालों को दुकान नहीं लगाने की अंतिम हिदायत दी गई।अधिकारियों ने बताया कि शहर में अवैध कब्जाधारी पर निरन्तर अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई अभियान जारी रहेगी।शहर के व्यस्ततम मार्ग पटेल चौक, तहसील कार्यालय, जिला कार्यालय, जिला न्यायालय के सामने मार्ग बाधा उत्पन्न किए जाने वाले अतिक्रमणकारियों को समझाइश देते हुए हटवाने की कार्यवाही किया गया। राजस्व विभाग द्वारा तहसील कार्यालय के आस-पास मुख्य मार्ग पर अतिक्रमण करने वालो को नोटिस दिया गया। तहसील परिषर के बाहर मेन रोड पर गुमटी,ठेला दुकान लगाकर अतिक्रमण करने वालो को उक्त कृत्य संहिता की धारा 107, 116 के अधीन शांति परिसीमन भंग होने से बेदखली व अर्थदण्ड से दण्डनीय है।




तहसील परिधर के बाहर मेन रोड पर ठेला/दुकान लगाकर अतिक्रमण किया गया है, को तत्काल स्वयं हटाने एवं भविष्य में पुन: किसी भी प्रकार से पुन कब्जा की पुनरावृत्ति न हो, अन्यथा आपके विरूद्ध छ.ग. भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 107, 116 के तहत कार्यवाही की जावेगी, जिसके स्वयं जिम्मेदारी कहा गया।




स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक राजेश अग्रवाल द्वारा मिशन मीडिया प्रा. लि. छत्तीसगढ़ भवन, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित कर, 204 आकाशगंगा सुपेला, भिलाई जिला दुर्ग (छ.ग.) से प्रकाशित। संपादक राजेश अग्रवाल shreekanchanpath2010@gmail.com, Mo - 9303289950